शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 121 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 27 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग, 6 नवजात की दर्दनाक मौत

### पोस्टमॉर्टम के बाद नवजातों के शव परिजनों को सौंपे, आग से छह बच्चों की मौत ने दिल्ली को झकझोरा

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय राजधानी** दिल्ली में यमुनापार (पूर्वी दिल्ली) के विवेक विहार स्थित दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में शनिवार रात आग लग गई। आग में छह नवजात बुरी तरह झुलस गए। इनकी मौत हो गई। दमकल विभाग के अनुसार इस दौरान कुल 12 बच्चों को रेस्क्यू किया गया, एक बच्चा वेंटिलेटर पर है और पांच बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। यह सेंटर विवेक विहार के ब्लॉक बी में है। दमकल विभाग के अनुसार, सभी को एंबुलेंस के जरिये पास के गुप्ता नर्सिंग होम व ईस्ट दिल्ली एडवांस नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही दमकल व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। बचाव दल ने सभी नवजात को खिड़की के रास्ते बाहर निकाल। दमकल विभाग ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद सेंटर का संचालक और कर्मचारी फरार हो गए। अभिभावकों को भी कोई सूचना नहीं दी गई। पुलिस अभिभावकों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार रात 11:30 बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली। तत्काल दमकल विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। केयर सेंटर के भू-तल से लोगों ने धुआं निकलते देखा था। देखते ही देखते आग ऊपरी मंजिलों पर पहुंच गई। आग की लपटों ने पूरी इमारत को चपेट में ले लिया। दमकल व पुलिस ने केयर सेंटर के पीछे की साइड से खिड़कियों को तोड़ा और सभी नवजात को एक-एक करके बाहर निकाला।

जैसे-जैसे नवजात बाहर लाए गए, उन्हें दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरूआती तौर पर आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।





## बेबी केयर सेंटर के मालिक को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर सेंटर में आग लगने की घटना के बाद पुलिस ने इसके मालिक नवीन किची को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद से वह अपने पूरे स्टाफ के साथ फरार था। बता दें, अस्पताल में बीती रात भीषण आग लगने से 7 नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। विवेक विहार में चाइल्ड अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद फॉरेंसिक टीम और डीसीपी शाहदरा सुरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे हैं। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार रात 11:30 विवेक विहार स्थित बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के दो अन्य मकानों को भी चपेट में ले लिया। सिलेंडर फटने से यह आग लगी। बेबी केयर सेंटर में आग की घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की घटना हृदय विदारक है।

## कृष्णा नगर में आग लगी, 3 की मौत

**चाइल्ड हॉस्पिटल में आग की** घटना के तीन घंटे बाद शाहदरा इलाके के कृष्णा नगर में भी एक रेसिडेंसियल बिल्डिंग में आग लगी। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 महिलाएं भी हैं। फायर ब्रिगेड ने 10 लोगों का रेस्क्यू किया है। इनमें 3 लोग झुलसने से घायल हो गए हैं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि रात 2:35 मिनट पर आग की सूचना मिली। आग इंडियन बैंक के पास की गली नंबर 1 की बिल्डिंग में लगी थी।

## दर्दनाक: दम घुटने से बच्चों की मौत हुई



**दमकल** अधिकारी ने बताया कि उन्हें रात 11:30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की कुल 16 गाड़ियां पहुंचीं। तब तक आग की लपटें ऊपर के फ्लोर और पास की दो बिल्डिंग्स में भी फैल चुकी थी। बेबी केयर सेंटर में ऊपर जाने के लिए बाहर की तरफ से लोहे की एकमात्र घुमावदार सीढ़ी है। उसमें भी आग लग गई थी। बेबी केयर सेंटर में भर्ती 12 बच्चों में से एक की मौत आग लगने से पहले ही हो चुकी थी। धुआं भरने के कारण अन्य 11 बच्चों की हालत गंभीर हो गई। दमकल की टीम और स्थानीय लोगों ने लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़कर खिड़की से अन्य 11 बच्चों को बाहर निकाला। तब तक दम घुटने से 6 बच्चों की मौत हो गई। इनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है। रेस्क्यू किए गए 5 बच्चों को एडवांस अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। चाइल्ड हॉस्पिटल के दोनों तरफ दो रेसिडेंशियल बिल्डिंग से 11-12 लोगों को बचाया गया। फायर सर्विस ने करीब डेढ़ घंटे मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। फायर डिपार्टमेंट और पुलिस के मुताबिक, बेबी केयर सेंटर के पास किसी एम्बुलेंस में ऑक्सीजन गैस की रीफिलिंग की जा रही थी। उसी दौरान धमाके की तेज आवाज सुनाई दी। इसके बाद पूरे बिल्डिंग में आग की लपटें फैल गई। एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि हमारा घर पास ही है। हमें रात में फोन आया कि यहां धमाके हुए हैं। मौके पर आए तो पता चला कि बिल्डिंग के सामने वैन में ऑक्सीजन सिलेंडर में रीफिलिंग का काम चल रहा था। तभी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। पहला सिलेंडर फटकर बिल्डिंग के अंदर गया, जिससे आग लग गई। आग लगते ही हॉस्पिटल के सभी स्टाफ बच्चों को छोड़कर भाग गए। उसके बाद एक के बाद एक तीन और सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। हम बिल्डिंग के पीछे गए और शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बेबी केयर सेंटर के नीचे काफी समय से ऑक्सीजन रीफिलिंग का काम होता था।

## दूरसंचार कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स रोकने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली**

सरकार ने फर्जी कॉल्स को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। केंद्र ने भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। दूरसंचार विभाग (डॉट) ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं। जालसाल इसके जरिए साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। डॉट ने दूरसंचार ऑपरेटरों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार विभाग के निदेशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली अंतरराष्ट्रीय जाली कॉलों को टीएसपी द्वारा पहले से ही ब्लॉक किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसी फर्जी कॉल्स भारत के भीतर से हो रही हैं, लेकिन विदेशों से साइबर अपराधी कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में हेरफेर करके ऐसा करने में सक्षम हो रहे हैं।

## कान्स में पुरस्कार जीतने पर पायल कपाड़िया प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पायल कपाड़िया को कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। अपनी फिल्म "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने वाली पायल पहली भारतीय फिल्म निमार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारत को पायल कपाड़िया पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि एफटीआईआई की पूर्व छात्रा, उनकी उल्लेखनीय प्रतिभा के साथ वैश्विक मंच पर लगातार चमक रही है । वे भारत में समृद्ध रचनात्मकता की झलक देती है। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल उनके असाधारण कौशल का सम्मान करता है बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है।

# वोट बैंक को खुश करने के लिए बाबासाहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं: पीएम मोदी

**गोरखपुर**

पीएम मोदी ने देवरिया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस वाले अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बाबासाहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं। पूर्वांचल की जनता इस साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बता दें कि पीएम मोदी ने देवरिया लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी और बांसगांव लोकसभा प्रत्याशी कमलेश पासवान के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपका उत्साह एक बात कह रहा है कि फिर एक बार मोदी की सरकार और फिर एक बार 400 पार। 4 जून भारत का भविष्य तय करनी जा रही है...4 जून को देश एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा। कहा कि छठे चरण के मतदान ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं, अब सातवें चरण में इंडी वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का प्रहार जिस पर हुआ, वो मैदान से बाहर जाकर गिरता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब यूपी में भी ब्रह्मोस मिसाइल बना करेगी और ब्रह्मोस? मिसाइल ऐसी है, जिसका खौफ दूर-दूर तक है। दुनिया के कई देशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग रही है, लेकिन कांग्रेस ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। कहा कि कुछ ताकतें ऐसी भी हैं जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द होने लगता है। ये लोग 4 जून को लेकर अलग ही सपने देख रहे हैं....सपा-कांग्रेस वाले वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं है।



# गंभीर चक्रवात 'रेमल' को लेकर कई राज्यों में हाई अलर्ट, पीएम ने बुलाई समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली**

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुआ चक्रवात 'रेमल' रविवार आधी रात को लैंडफाल करेगा। इसे लेकर बंगाल में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। कोलकाता एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। राज्य के तटीय इलाकों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 12 टीमों को तैनात किया गया है। नौसेना व भारतीय तटरक्षक बल भी अलर्ट पर है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, चक्रवात इस समय बंगाल की खाड़ी से 270 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व दिशा में है। इसके रविवार आधी रात को बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपूपाड़ा के बीच के तटवर्ती इलाकों से होकर गुजरने का पूर्वानुमान है। इसके प्रभाव से बंगाल के विभिन्न जिलों में अति भारी बारिश की आशंका है। 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कोलकाता समेत बंगाल के विभिन्न जिलों के आसमान में रविवार सुबह से ही बदली छाई हुई है औ? तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई है। बीच-बीच में बारिश भी हो रही है। चक्रवात के बाबत राज्य सचिवालय नबान्न में कंट्रोल रूम खोला गया है। राहत सामग्रियों, जरूरी दवाओं व अन्य सभी जरुरी चीजों का भंडारण किया गया है। प्रभावित होने वाले लोगों के लिए राहत शिविरों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। समुद्र में मछुआरों को 27 मई तक नहीं जाने और वहां मौजूद मछुआरों को तुरंत लौटने की पहले ही हिदायत दी जा चुकी है।



# ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो बनाया: स्वाति मालीवाल



## इसके बाद रेप-हत्या की धमकियां बढ़ गईं; वे पार्टी प्रवक्ता की तरह काम कर रहे

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रविवार 26 मई को यूट्यूबर ध्रुव राठी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कहा कि ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ वीडियो पोस्ट किया। इसकी वजह से मुझे पहले से मिल रहीं रेप और हत्या की धमकियां बढ़ गई हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा- जब से मेरी पार्टी आप के नेताओं और वॉलंटियर्स ने मेरे खिलाफ चरित्र हनन, भावनाएं भड़काने और मुझे शर्मसार करने का अभियान चलाया है, तब से मुझे रेप और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह तब से और बढ़ गया है, जब से यूट्यूबर ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट किया है। उनके जैसे लोग खुद को स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हैं। हालांकि, वो आप प्रवक्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। दरअसल, ध्रुव राठी ने 4 दिन पहले इंस्टाग्राम पर केजरीवाल के पीएम बिभव कुमार और स्वाति मालीवाल के बीच मारपीट केस पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसी पर स्वाति मालीवाल ने कहा है कि ध्रुव राठी ने मेरा पक्ष जाने बिना वीडियो बनाया। स्वाति ने अपने पोस्ट में लिखा- जहां तक पार्टी की बात है तो यह बिल्कुल साफ है कि वे मुझे अपनी शिकायत वापस लेने के लिए डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, ध्रुव राठी को अपना पक्ष बताने के लिए मैंने उनसे संपर्क करने की पूरी कोशिश की।

# चारधाम में अब तक 57 तीर्थयात्रियों की मौत

**देहरादून**

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम तीर्थयात्रियों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। चारधाम यात्रा में इस वर्ष अब तक 17 दिन में 57 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें 28 लोग ऐसे हैं, जिनकी केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जान गई। इनमें से अधिकतर की आयु 50 साल से अधिक है। रविवार शाम राज्य आपदा परिचालन केंद्र की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। केदारनाथ यात्रा में आज एक तीर्थयात्रियों की मौत हुई। इसी के साथ मौत की संख्या 28 पहुंच गई। बदरीनाथ में 14, यमुनोत्री में 12 और गंगोत्री में तीन यात्रियों की मौत हुई है। तीर्थयात्रियों की मौत के साथ यह आंकड़ा 57 पहुंच गया है। स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को हेल्थ एडवाइजरी जारी कर उसी के आधार पर लोगों को चारधाम यात्रा में भेजने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय एक से दो घंटे के बाद कुछ समय विश्राम जरूरी है। इसके बाद दोबारा यात्रा के लिए आगे बढ़े। इस दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर और उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकल रिलीफ सेंटर में प्राथमिक उपचार लें।



# भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी है : बाबूलाल मरांडी

**दुमका**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका लोकसभा के अंतर्गत सारठ विधानसभा के शहरजोरी, बुधनाडीह, पलमा, मोहनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में दुमका लोकसभा के प्रत्याशी सीता सोरेन पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठक को सम्बोधित किया। साथ ही, प्रदेश अध्यक्ष ने दुमका लोकसभा अंतर्गत जनसंपर्क कर माताओं बहनों को मतदान के लिए प्रेरित किया। मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भाजपा आदिवासियों की हितैषी है। भाजपा ने ही द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया है। झारखंडवासियों के मान और सम्मान को भाजपा ने रखा। अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य बनाया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कई दशकों तक देश के शासन में रही।

# प्रचंड तापमान ने ली जेईई-एडवांस्ड परीक्षार्थियों की दोहरी परीक्षा

## जेईई-एडवांस्ड 2024 : देश के 222 शहरों एवं राजस्थान में 10 शहरों के परीक्षा केंद्रों पर दो शिफ्ट में हुए दोनों पेपर

**नई दिल्ली/कोटा**

आईआईटी, मद्रास द्वारा आयोजित जेईई-एडवांस्ड 2024 परीक्षा रविवार को देश के 222 शहरों के 709 परीक्षा केंद्रों पर कम्प्यूटर बेस्ड मोड में हुई। राजस्थान में कोटा सहित 10 शहरों में यह परीक्षा हुई। इसमें सफल अभ्यार्थियों को देश की 23 आईआईटी की 17,385 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। आईआईटी में गर्ल्स को 20 प्रतिशत सुपर न्यूमरेरी आरक्षण होने से उनमें उत्साह देखा गया। इसका रिजल्ट 9 जून रविवार को घोषित होगा। परीक्षा में पेपर-1 सुबह 9 से 12 बजे तक एवं पेपर-2 दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक हुआ। रविवार को प्रचंड गर्मी में 47 डिग्री तापमान ने परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की दोहरी परीक्षा ली। इस वर्ष जेईई-मेन से क्वॉलीफाई 2.50 लाख में से 1,91,283 ने पंजीयन कराया था जिसमें करीब 1.90 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए हैं। इस वर्ष आईआईटी ने पेपर पेटर्न में कोई बदलाव नहीं किया। कुल 360 अंकों की परीक्षा में पेपर-1 व पेपर-2 के प्रत्येक पेपर में 180 अंकों के 51 बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे गए जिसमें तीनों विषयों से 17-17 प्रश्न पूछे गए। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रत्येक विषय में न्यूनतम प्राप्तांक 10 व कुल 35 लाने होंगे जबकि ओबीसी-एनसीएल वर्ग में प्रत्येक विषय में न्यूनतम 9 अंक एवं कुल 31.5 प्राप्तांक अनिवार्य है। इसी तरह एससी, एसटी एवं दिव्यांग वर्ग के लिये प्रत्येक विषय में प्राप्तांक 5 एवं कुल 17.5 अंक होना आवश्यक है। गत वर्ष जेईई-एडवांस्ड में 1.89,487 पंजीकृत में से 1.80,372 ने परीक्षा दी थी जिसमें से कुल 43,769 क्वालिफाई घोषित किए गए थे। इस वर्ष 10 हजार परीक्षार्थी अधिक होने से क्वालिफाई की संख्या भी अधिक रहेगी।



**फाइनल आंसर की 2 जून को**

जेईई-एडवांस्ड वेबसाइट के अनुसार, परीक्षा में दोनों पेपर के जवाबों की कॉपी 24 मई शाम 5 बजे जारी कर दी जायेगी। जिससे परीक्षार्थी अपने स्कोर का आकलन कर सकेंगे। अधिकृत फाइनल ह्यआंसर कीह्न 2 जून प्रातः 10 बजे जारी कर दी जायेगी। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस वर्ष पेपर-1 में मैथ्स एवं केमिस्ट्री के प्रश्न मॉडरेट लेवल के रहे जबकि फिजिक्स के प्रश्नों का स्तर कठिन रहा। जबकि पेपर-2 में मैथ्स के प्रश्न कठिन रहे। कोटा में प्रमुख कोचिंग संस्थानों के विशेषज्ञ पेपर में तीनों विषयों के प्रश्नों को हल कर सही उत्तर का विश्लेषण करते रहे। जिससे परीक्षार्थियों को अपने संभावित स्कोर का आंकलन करने में मदद मिलेगी।

# कार्यशाला की चयनित बालिकाओं ने स्वच्छता प्रभात फेरी निकाल चलाया जागरूकता अभियान

## बालिकाएं स्वयं अपने परिवार और समाज को स्वच्छ रखने में निभाएं भागीदारी : कमलेश सोनी

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में चल रही बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की ग्रीष्मकालीन कार्यकशाला की चयनित बालिकाओं ने रविवार को स्वच्छता प्रभात फेरी में शामिल होकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया! उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार मेजा ऊर्जा निगम स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान स्वच्छ मेजा ऊर्जा निगम अभियान की पहल शुरू की है जिसके अन्तर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है! इसी प्रयास के अन्तर्गत चल रहे बालिका साशक्तिकरण अभियान 2024 की बालिकाओं को भी शामिल किया गया! मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने प्रभात-फेरी के दौरान सभी बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व को बताया और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह इसकी शुरूआत खुद से करें फिर अपने परिवार और समाज को स्वच्छ रखने में अपनी भागेदारी दिखाएं। इसके साथ ही अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनु सोनी ने बालिकाओं को जागरूक किया और बताया कि स्वच्छता को अपना कर ही स्वस्थ रहा जा सकता है। क्योंकि स्वच्छता से कई बिमारियों का निवारण किया जा सकता है। मानव-संसाधन विभागध्यक्ष अखिल पटनायक ने भी इस उपलक्ष्य में कहा कि हम स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान सभी गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं और साथ ही यह भी कोशिश है कि इन बालिकाओं को ज्यादा से ज्यादा मौके मिल पाएं जिससे वह कुछ नया सीख कर अपने जीवन को बेहतर बना पाएं। इस मौके पर सभी विभागध्यक्ष, बालिकाएं, तथा निगम के अधिकारी कर्मचारीगण एवं उनके परिवार के सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, साथी जख्मी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक की मौत हो गई जबकि एक को चोटें आयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी विष्णु कान्त मिश्रा 55 वर्ष पुत्र राम अभिलाष अपने साथी निलेश मिश्रा पुत्र विजय शंकर के साथ बाइक से रविवार को दोपहर को मऊआइमा के गौरीगंज जा रहे थे।बताते हैं कि मऊआइमा के ग्राम बालाडीह बेलखरिया का पूरा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विष्णुकांत मिश्रा 55 वर्ष बुरी तरह जख़्मी हो गए जिन्हें सोरांव के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान विष्णु कांत की मौत हो गई जबकि साथी निलेश मिश्रा की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विष्णु कान्त की मौत की सूचना पर घर में कोहराम मचा हुआ है तथा मृतक का एक पुत्र तथा पत्नी सूर्य कली का रो रो कर बुरा हाल है।

# मार पीट तोड फोड़ एक नामजद पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी ने मार पीट तोड फोड किए। पुलिस ने एक नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक्रभान उर्फ चकिया किरांव निवासी अफजाल अहमद पुत्र इकबाल अहमद का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसे और उसके परिजनों को मारे पीटे और सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिए। पुलिस ने शाह आलम और उसके पांच अज्ञात परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मासूम बेटी से पिता ने की अश्लीलता पत्नी ने दर्ज कराया केस

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ शिवकुटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। महिला का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में अपनी नौ साल की बेटी के साथ अश्लील हकरतें करने लगा। पत्नी ने विरोध किया तो उसे जमकर पीटा। महिला का आरोप है कि शराब का लती उसका पति अपनी ही नौ साल की बेटी को अपनी बच्ची नहीं मानता।महिला के वकीलों ने उससे डीएनए टेस्ट कराने की बात कही तो भी नहीं माना। शिवकुटी पुलिस ने महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पति भागा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।प्रतापगढ़ के घायराय थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की शादी 2010 में शहर के शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज इलाके में हुई थी। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति आए दिन शराब के नशे में मारपीट करता है। गहने और घर का सामान बेच डाला। 19 मई की रात शराब के नशे में उसने अपनी ही नौ साल की बेटी के कपड़े उतार दिए। उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर पत्नी को जमकर पीटा। महिला अपने तीनों बच्चों को लेकर जान बचाकर भागी और मायके पहुंच गई। उस रात महिला के परिवार वालों ने पुलिस को फोन किया तो पुलिस ने पहुंच आरोपी को पकड़ लिया और उसके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई की। इसके बाद महिला ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पूरा मामला बताया। जांच के बाद शिवकुटी थाने में आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज हो गया। महिला ने पति के साथ ही नंदोई पर भी मारपीट करने, छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। महिला के वकील सत्य प्रकाश पांडेय का कहना है कि आरोपी पति को प्राइवेट नौकरी दिलाई गई। वह सारे रुपये शराब पर खर्च कर देता है। उसे ई-रिक्शा चलवाने को दिलाया गया। वह भी बेचकर खा गया। अधिवक्ता का कहना है कि आरोपी पत्नी पर शक करता है। नौ साल की बेटी को किसी दूसरे की बताता है। यहां तक बात हुई की डीएनए टेस्ट कराते हैं तो वह पीछे हट गया।

### किशोरी को भगा ले गया गांव का युवक, तीन पर मुकदमा

**बहरिया।** गांव का ही एक युवक किशोरी को पहले अपने प्रेम जाल में फसाया फिर बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। बहरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को इसी गांव के एक युवक ने पहले उसे अपने प्रेम जाल में फसाया फिर उसका अश्लील फोटो मोबाइल पर वायरल किया तथा शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के चाचा ने युवक के घर जाकर इसकी शिकायत की तो युवक अरविंद कुमार के पिता सती बहादुर व बड़े भाई सुनील कुमार उर्फ गोलू ने भद्दी भद्दी गाली देते हुए भगा दिया तथा कहा कि यदि तुम ज्यादा करोगे तो तुम्हें जान से मरवा कर फेंकवा दूंगा। जिस संबंध में किशोरी के चाचा ने बहरिया थाने में लिखित तहरीर दी। तहरीर मिलते ही थाना अध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# भीषण गर्मी के कारण एक महिला चकरा कर गिरी बेहोश

**मऊआइमा।** रविवार को भीषण गर्मी से दोपहर में बाइक पर बैठ कर प्रयागराज जा रही महिला महिला चकरा कर गिर पडी। जिससे वह बेहोश हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ के चिलबिला निवासनीय राजकुमारी 40वर्ष पत्नी राम आधार अपने पति की बाइक पर बैठ कर प्रयागराज जा रही थी।बताते हैं कि दोपहर में भीषण गर्मी से वह बाइक से चकरा कर गदाईपुर के निकट गिर पडी। जिससे वह बेहोश हो गई। बताया गया है कि समीप स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां तबीयत संभलने पर आए परिजन लेकर चले गए।

# अरैल में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को अरैल स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक यादव ने बताया कि ज्येष्ठ मास के चिलचिलाती धूप में जैसे प्यासे को पानी पिलाना अमृत समान होता है।उसी प्रकार से मंदिरों और गंगा तटों को स्वच्छ एवं साफ रखने से मन में पवित्रता स्थापित होती है। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सुनील कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, सहदेव चौरसिया, बबरूवाहन सिंह, आत्म प्रकाश यादव, विनोद गुरानी, गोविंद सिंह, प्रवीण तिवारी, गौरव यादव, सौरभ यादव, आर्यन यादव , अनन्या चौरसिया, अनुज चौरसिया, सनी यादव, मयंक यादव, उज्जवल यादव आदि उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर उज्वल रमण सिंह ने कार्यकर्ता व समर्थकों का जताया आभार : पयासी

## कांग्रेस गठबंधन प्रत्यासी भारी मतों से होंगे विजई : रामकृपाल कोल

**कोरांव।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने विधानसभा के सभी कार्यकर्ता सभी पदाधिकारी सभी शुभचिंतक सभी समर्थक को धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया है। उज्वल रमन ने लोगों से इतना अपार समर्थन मिलने के लिए धन्यवाद दिया है और यह भरोसा दिलाया है कि अगर जनता की अदालत में क्षेत्र से मिल रही खबर के अनुसार मुझे सांसद बना कर दिल्ली भेजने का काम किया तो क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्य को गति प्रदान करूंगा। उन्होंने अपने कार्यकर्ता पदाधिकारी के सम्मान में कोई आंच नहीं आने दूंगा। उन्होंने क्षेत्र में विकास की धारा बहने की पूरी कोशिश करने की बाटकही। यह भी कहा कि मेरे कार्यकाल में मेरी निधि से क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी मैं कोराव बारा करछना मेजा शहर दक्षिणी के तमाम हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारियो का हृदय की अनंत गहराइयों से उनको धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूं और उनको भरोसा दिलाता हूं मैं जीवन भर हमेशा आप सब हमारी पूंजी हो आप सब हमारे लिए देव तुल्य हो आप सबके लिए जीवन पर्यंत खड़ा रहूंगा। जिसमें कोराव से प्रमोद मिश्रा पयासी शिवम सिंह बघेल सोमदत्त सिंह पटेल लल्लन सिंह पटेल राजेश पांडेय महताब खान दिनेश पटेल पूर्व विधायक रामकृपाल कोल विजय केसरी मासूक अहमद बबलू शुक्ला आसाराम मिश्रा श्रीकांत मिश्रा मुश्ताक अली नौशाद अंसारी केसरी कुशवाहा ओम प्रकाश कुशवाहा रणधीर कुशवाहा नरेंद्र द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे। उधर पूर्व विधायक रामकृपाल कोल कांग्रेस नेता ने अपने गठ बंधन कार्यकताओं के सहयोग मेहनत की सराहना किया और शुभेक्छुओं का आभार जताया। और कहा कि उज्वल रमन सिंह जी भारी मतों से विजई होने जा रहे हैं।

# सद्भावना साधना केंद्र धनुहा नैनी में 19 मई से 26 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी धनुहा ब्रह्माकुमारी प्रयागराज सद्भावना साधना केंद्र धनुहा नैनी में 19 मई से 26 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया राजयोगिनी मनोरमा दीदी के अगुवाई में समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ उन्होंने कहा आप बच्चों को जो भी ब्रह्माकुमारीज में सिखाया गया समझाया गया उसे अपने जीवन में धारण करेंगे तो आप हर मार्ग पर सफल होंगे इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री कर्नल झा, लेखा सिंह, भगवत प्रसाद सिंह, धनपत्ती सिंह, सुल्तान सर, मौजूद रहे उन्होंने सभी बच्चों को अपना-अपना लक्ष्य याद दिलाया और बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, प्रबंधक भगवत प्रसाद सिंह ने बच्चो को आशीर्वाद के रूप में बताया कि हर सफलता के लिए मन की एकाग्रता जरूरी है व प्रबंधक सुल्तान सर ने कहा जिस तरह श्री राम जी ने अपने गुरु जी के आज्ञा का पालन करते हुए श्रेष्ठ देवता बने ऐसे आप बच्चों को श्रेष्ठ बनकर श्रेष्ठ कर्म करना, लेखा सिंह ने कहां आप बच्चों के बीच में आकर मुझे बहुत अच्छा लगा और हमारा बचपन याद आ गया समर कैंप के शिक्षक के रूप में श्रद्धा बहन, प्रियंका बहन ,श्रुति बहन, सूची बहन, वैभव भाई, सज्जन भाई ,शिवम भाई, रघु भाई मौजूद रहे श्रीमती डी॰ सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल से प्रधानाचार्य राम लाल साहू , मनीषा भारद्वाज, अनुज शर्मा, दिव्या सहनी, सुनीता भारती व स्वाति तिवारी आदि मौजूद रहे श्री बी पी सिंह बालिका इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य रत्ना कुशवाहा, रामा रॉय, शालिनी सिंह, सविता केसरवानी, रानी शर्मा, आँचल सिंह, विनय सिंह आदि मौजूद रहे एसआरडीपीएस स्कूल से साधना, सोनम, ऋषि कुमार, प्रभाकर, जीतू आदि मौजूद रहे।

# हलऊपुर निवासी सुप्रसिद्ध गायक अशोक पांडेय का मुंबई में निधन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापपुर।** हलऊपुर गांव निवासी रहे स्व. जमुना प्रसाद पांडेय के 6 पुत्रों में चौथे नंबर के पुत्र अशोक पांडेय अविरल उम्र 42 वर्ष जो कि नालासोपारा, मुंबई में रहते थे, बचपन से ही संगीत की दुनिया में रुचि थी, एक से बढ़कर एक प्रतिभा, सम्मान प्राप्त किया और गीत, संगीत, भजन, कविता और कार्यक्रमों की वजह से अपना और परिवार का नाम रोशन किया वह नालासोपारा में ओप्पो मोबाइल के डिस्ट्रीब्यूटर भी थे। अशोक की तबीयत शनिवार को सुबह अचानक बिगड़ गई परिजन अस्पताल लेकर भागे जहां पर इलाज के दौरान रविवार सुबह अशोक पांडेय ने अंतिम सांस लिया। डाक्टरों के अनुसार ब्लडप्रेशर एवं डायबिटीज दोनों का एक साथ अटैक होने के कारण अशोक की मौत हो गई। अशोक की मौत से उनके परिजनों, रिश्तेदारों, संगीतकारों एवं गांव हलऊपुर गांव में शोक का माहौल है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है अशोक पांडेय सामाजिक कार्यों में अधिक रुचि रखते थे और बहुत उदार एवं मिलनसार व्यक्तित्व के इंसान थे उनके निधन से परिजनों में कोहराम मचा है।

# सत्य को परेशान तो किया जा सकता है लेकिन पराजित नहीं : रवीश चंद्र तिवारी

## कुंवर साहब और हमारी गिरफ्तारी ने साबित कर दिया की उज्जवल रमण सिंह सांसद बनने जा रहे हैं

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवीश तिवारी ने कहा कि जिस तरीके से प्रशासन ने हमको और हमारे नेता को गिरफ्तार किया है उसे साबित हुआ है कि आने वाले 4 जून को प्रयागराज की जनता इनको जवाब दे चुकी है और सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह बनने वाले हैं उन्होंने कहा कि प्रयागराज पुलिस प्रशासन को आगे कर कर मोदी और योगी सरकार प्रयागराज की सीट को जीतना चाहती है लेकिन उनको यह नहीं पता है कि वह किससे चुनाव लड़ रहे हैं यह कुंवर साहब हैं और कुंवर साहब डरने वालों में से नहीं है कुंवर साहब संघर्ष करने वालों में से हैं जिस तरीके से कुंवर साहब के कार्यकताओं को लाल कार्ड दिया गया और विपक्ष के किसी भी नेता को लाल कार्ड नहीं दिया गया बावजूद इसके जब कुंवर साहब के मतदाता बूथ पर मत देकर बाहर निकलते हैं तो उनके नेताओं को परेशान किया जाता है और जबरन गिरफ्तार कर लिया जाता है और जब पुलिस प्रशासन से यह पूछा जाता है कि हमें किस लिए उठाया गया है तो एसओजी पुलिस प्रशासन मौन धारण कर लेता है इसी प्रकार से करछना के से सपा के पूर्व सदस्य जिला पंचायत रवीश चंद तिवारी जो अपना मतदान करके बाहर निकले थे तभी वहां पहुंची एसओजी की टीम ने उन्हें अपने गाड़ी में बैठा लिया और उन्हें दवा तक नहीं खाने दिया गया उन्होंने बताया कि यह एसओजी की पुलिस उन्हें मतदान खत्म होने के पहले तक सड़क पर लेकर घूमती रही जिसमें रवीश चंद्र तिवारी ने बार-बार उनसे पूछा कि मुझे किस अपराध में आप लोगों ने उठाया है लेकिन एसओजी की टीम कोई भी जवाब नहीं दे रही थी उसके बाद एस ओ जी की टीम ने करछना थाने पर हमको पुलिस को सौंप दिया गया जब हमने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से और इंस्पेक्टर साहब से या पूछा कि हमें किस जुर्म में यहां पर बैठाया गया है तो वहां भी किसी भी पुलिस वालों ने कुछ भी बोलने की जहमत नहीं उठाई हमारे द्वारा कई बार यह प्रश्न किया गया कि मेरी गलती क्या थी जो आप लोगों ने मुझे थाने पर बैठाया है पहले तो यह एस ओ जी की टीम ने मुझे मतदान स्थल से उठा लिया उसके बाद वह हमें करछना थाने पर ले आई है लेकिन मेरा कसूर भी नहीं बताया जा रहा है कि मैं किसी अपराध में यहां पर बैठा हूं आपको बता दें कि पिछले दिनों रवीश चंद तिवारी के यहां रात में थाना प्रभारी करछना मनोज और अतिरिक्त थाना प्रभारी गणेश तिवारी सहित एसओजी और थाने की 25 लोगों की फोर्स के साथ पूरे घर को घेर लिया गया था घर वालों से अभद्रता की गई थी, महिलाओं से भी अभद्रता की गई थी और उनके सीसीटीवी फुटेज का डिवीआर भी उठा ले गई थी सभी घर वालों के मोबाइल छीन लिए गए थे और किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव डाला गया था और जेल भेजने की धमकी दी गई थी पुलिस के द्वारा और जिसकी शिकायत रवीश चंद्र तिवारी ने ऑनलाइन पोर्टल पर एप्लीकेशन भी किया था और चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत की गई थी और इन सभी बातों को बड़े अधिकारियों ने संज्ञान में भी लिया था और दोबारा ऐसी गलती ना होने की बात भी कही थी लेकिन बावजूद इसके रवीश चंद्र तिवारी दोपहर में अपना मतदान करने बूथ पर गए थे मतदान करके वापस बाहर निकल रहे थे तभी जो लोग उस दिन आये थे वही सब सादी वर्दी में पहुंचे एसओजी की टीम ने उनको अपने गाड़ी में बैठा लिया और वहां से निकल गए कहां लेकर गए हैं किसी को कोई जानकारी नहीं है जब एस ओजी प्रभारी नागेंद्र के नंबर पर फोन करके जानकारी लेनी चाही गई तो उन्होंने अपना नंबर बंद कर दिया अब यह सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या सच में प्रशासन दबंगई करके मतदान को प्रभावित कर रही है।

# घरवालों से नाराज होकर हरियाणा से प्रयागराज पहुंची बालिका

**प्रयागराज।** घरवालों से नाराज होकर एक नाबालिग लड़की ट्रेन में सवार हो गई। रविवार को प्रयागराज जंक्शन पर पहुंची महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन से लड़की को रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने उतार लिया। लड़की को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया। वह हरियाणा की रहने वाली है। आरपीएफ ने लड़की के घरवालों को सूचना दी है। उनके आने के बाद लड़की को उनके हवाले कर दिया जाएगा।महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों ने 15 साल की एक लड़की को सफर करते देखा। वह अकेले थी। डरी सहमी थी। उसकी गतिविधियां संदिग्ध देख यात्रियों ने रेलवे कर्मचारियों को बताया। इसके बाद ट्रेन जब प्रयागराज जंक्शन पहुंची तो सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद आरिफ ने लड़की से बातचीत कर उसे ट्रेन से उतार लिया। **महेंद्रगढ़ की रहने वाली है :** महिला कांस्टेबल अंजु यादव के साथ लड़की को बाल कल्याण समिति के पास भेजा गया। वहां से लड़की को चाइल्ड लाइन भेज दिया गया। लड़की ने अपना नाम शीतल (15) बताया। वह कनीना महेंद्रगढ़ हरियाणा के रहने वाले ओम प्रकाश की बेटी है। अब उसके घरवालों को सूचना भेजी गई है।

### प्लेटफार्म पर गुमसुम मिले दो लड़के

**प्रयागराज।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर दो लड़के घूमते हुए मिले। आरपीएफ के जवानों ने उसने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह ट्रेन में बैठने के लिए आए हैं। पूछताछ में एक ने अपना नाम गणेश पुत्र संतोष उम 9 साल निवासी रामबाग प्रयागराज बताया। दूसरे का नाम अब्दुल हाशिम है। उसकी उम्र 14 साल है। वह कीडगंज के रहने वाले अब्दुल कादिर का बेटा है। उप निरीक्षक नितिन कुमार ने दोनों लड़कों को चाइल्ड लाइन पहुंचा दिया।

# मुंडेरा मंडी के स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा, आधी रात तक घमासान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मतदान के बाद शनिवार को मुंडेरा मंडी के स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करा दी गईं। ईवीएम जमा करने को लेकर आधी रात तक घमासान हुआ। जिले भर की पोलिंग पार्टियां ईवीएम लेकर बसों से रवाना हुईं तो चौफटका से मुंडेरा मंडी तक छह किमी तक भीषण जाम लग गया। हाल यह हुए कि मतकर्मी भीषण उमस व गर्मी में दो घंटे से ज्यादा समय तक जाम में फंसे रहे। हाल यह हुआ कि कई मतकर्मी बस से उतरकर हाथ में ईवीएम लेकर मुंडेरा मंडी तक जाते नजर आए। खबर लिखे जाने तक यह स्थिति बनी हुई थी। मतदान छह बजे खत्म होने के बाद शाम 6:30 बजे से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों से ईवीएम लेकर मुंडेरा मंडी की ओर रवाना हुईं। शहर क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों की पोलिंग पार्टियां आधे घंटे के भीतर ही मुंडेरा मंडी में पहुंचने लगी। हालांकि जैसे-जैसे समय बीतता गया, वाहनों की कतार लंबी होती गई। शाम सात बजे के बाद देहात क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को लेकर भी बसें जीटी रोड पर पहुंच गईं। नतीजा यह हुआ कि रात नौ बजते-बजते मुंडेरा मंडी से चौफटका तक वाहनों की कतार लग गई। कुछ ही में हाल यह हो गया कि दोपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया। दो घंटे से ज्यादा समय तक जाम में फंसे रहने के बाद कई मतकर्मी ऐसे रहे जो बस से उतरकर ईवीएम हाथ में लेकर मुंडेरा मंडी में जाते नजर आए। गेट पर तैनात सुरक्षा बल भी मतकर्मी का परिचय पत्र देखकर ही उन्हें भीतर जाने दे रहे थे। देर रात तक यही स्थिति बनी रही।

### दो घंटे लग गए चौफटका से मुंडेरा पहुंचने में

श्रीधर शर्मा करछना स्थित मतदान केंद्र पर ड्यूटी में लगे थे। उन्होंने बताया कि शाम सात बजे के करीब वह अपनी पोलिंग पार्टी के साथ मुंडेरा मंडी जाने के लिए रवाना हुए। शाम सात बजे तक वह चौफटका पहुंच चुके थे। लेकिन यहां से मुंडेरा मंडी तक पहुंचने में उन्हें करीब दो घंटे का समय लग गया। जाम में फंसने वालों में फूलपुर से आए विनोद रजक भी थे।उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी व उमस में दो घंटे से ज्यादा समय बस में गुजर गया। एक साथी को चक्कर भी आने लगे। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र से ईवीएम लेकर आ रहे जीतेंद्र प्रजापति व उनके साथी सुमित कुमार सोनकर भी नेहरू ग्राम के पास जाम में फंसे मिले।बताया कि करीब 1.30 घंटे से जाम में फंसे हैं।

### पसीने से हो गए तरबतर, आने लगा चक्कर

मुंडेरा मंडी तक पहुंचने में जद्दोजहद के बाद मतकर्मियों को ईवीएम जमा करने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एक साथ बड़ी संख्या में ईवीएम पहुंचने से इन्हें जमा करने के काम की गति भी धीमी हो गई। उधर भीषण गर्मी में मतकर्मी पसीने से तरबतर तो हो ही गए, कुछ को चक्कर भी आने लगे। साथी कर्मचारियों ने किसी तरह उन्हें संभाला।



## ...जब स्ट्रॉन्ग रूम में घुस गया कुत्ता, मच गई खलबली

**प्रयागराज।** मुंडेरा मंडी में बने स्ट्रांग रूम के एक कमरे से रविवार देर शाम करीब 7:30 बजे कुत्ते के भोकने की आवाज सुनाई पड़ी। स्ट्रांग रूम के चारों तरफ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पहले इधर-उधर देखा तो कोई कुत्ता नहीं नजर आया।पलभर में फिर भोकने की आवाज आई तो जानकारी पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को दी गई। स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखे होने के कारण अधिकारियों में खलबली मच गई। सभी दलों के प्रत्याशियों को फोन करके मुंडेरा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में बुलाया गया है। उनकी मौजूदगी में सील स्ट्रांग रूम के कमरे को खोला जाएगा और फिर बंद किया जाएगा।

## मतदान कराकर लौट रहे पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** खीरी प्रयागराज निवासी सज्जन कुमार पुत्र महादेव प्रसाद (58) उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबरी कोरांव प्रयागराज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। लोकसभा चुनाव में उनकी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के रूप मे मतदेय स्थल 391 संत रविदास प्राथमिक विद्यालय सोहबतियाबाग कमरा नंबर तीन में लगी थी। मतदान कराकर लौटते वक्त सज्जन कुमार की हृदयति रुकने से मौत हो गई। सज्जन कुमार चुनाव संपन्न कराने और ईवीएम मुंडेरा मंडी में जमा कराने के बाद झूंसी अपने किसी परिचित के घर जा रहे थे। ऑटो ने उन्हें जीटी रोड पर उतार दिया। रात में करीब दो बजे झूंसी थाना क्षेत्र के गोविंद बल्लभ पंत स्कूल के सामने में अचेत होकर गिर गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार को परिजनों को सूचना दी गई। परिजन रोते बिलखते थाने पहुचे। पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई।

## बम्हरौली में आम तोड़ने के चक्कर में चले लाठी-डंडे

**प्रयागराज।** बम्हरौली में आम तोड़ने के विवाद में लाठी व डंडे चले हैं।बाकराबाद, बम्हरौली निवासी सिद्ध नारायण पांडेय ने मारपीट करने वालों के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उसकी बाग में तीन आग के पेड़ है। पुलिस को बताया कि कुछ दिनों अमृत पासी, ओंकार, सूरज और राजू के बेटे आम चोरी कर रहे थे। 20 मई को आरोपी आग में पहुंचे और आम तोड़ने लगे। उसी वक्त सिद्ध नारायण पांडेय और उनके भाई जयनारायण आदि पहुंचे और चोरी करने का विरोध किया। आरोप है कि लड़कों ने डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में जय नारायण व अगला ज्यादा चोट आ गई।

## नैनी अरैल मोड़ निवासी युवक की कीडगंज में पिटाई से मौत

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी के अरैल मोड़ निवासी एक युवक की पुरानी रंजिश में मौसेरे ससुरालवालों ने मौजगिरि आश्रम के पास जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने रविवार को सात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की कीडगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने रविवार रात मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश जारी है। अरैल मोड़, नैनी निवासी विनोद निषाद का 30 वर्षीय बेटा आशु निषाद तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। शनिवार शाम को वह अपनी बुआ चौखंडी कीडगंज निवासी वंदना निषाद से मिलने आया था। बताया जा रहा है कि इस बीच उसके मोबाइल पर किसी ने कॉल किया। वह बुआ के घर से बाइक लेकर निकल गया। इसके बाद से उसका पता नहीं चला। मौजगिरि अश्रम के पास ढाल के नीचे वह गंभीर हालत में स्थानीय लोगों को मिला। शनिवार रात में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डॉयल 112 की पुलिस ने उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पूछताछ करके आशु के परिजनों को सूचना दे दी। देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आशु की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वह अपने पीछे पत्नी ज्योति और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि पुरानी रंजिश में आशु के मौसेरे ससुर पीयूष निषाद, कल्लू सौरभ, रवि समेत सात लोगों ने मिलकर मार डाला। उसके सिर से लेकर पैर तक पर जखम के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद शाम को उसका शव घर लाया गया।

# विकास और कानून व्यवस्था को जातीय गोलबंदी की कड़ी टक्कर, मतों के बिखराव से बढ़ी भाजपा की चिंता

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** देश को प्रधानमंत्री देने वाली इलाहाबाद संसदीय सीट पर इस बार विकास, राष्ट्रवाद, कानून-व्यवस्था के मुद्दों को जातिवाद ने कड़ी टक्कर दी है। महंगाई, बेरोजगारी के सवाल पर जहां बूथों पर लोग बंटते नजर आए, वहीं भाजपा के परंपरागत मतों में बिखराव की आवाज ने चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में मोदी मैजिक के बीच इलाहाबाद में भाजपा की हैट्रिक लगेगी या नहीं, कहना आसान नहीं रह गया है। दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री इसी सीट से चुनकर संसद में पहुंचे थे।इलाहाबाद संसदीय सीट पर इस बार भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर ने चुनावबाजों के माथे पर सिलवटें डाल दी हैं। पांच विधानसभा सीटों वाले इस संसदीय क्षेत्र में इस बार विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जातीय समीकरण हावी दिख रहे हैं। भाजपा यहां से हैट्रिक लगाएगी या गठबंधन का पंजा चलेगा, कुछ कहा नहीं जा जा सकता।इस सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी और कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह के बीच आमने-सामने मुकाबला है। बसपा ने यहां रमेश पटेल चितौरी को उतारा है, लेकिन ज्यादातर बूथों पर उनके न पोलिंग एजेंट दिखे न बस्ते नजर आए। इससे कहा जा सकता है कि भाजपा के मुकाबले इस बार गठबंधन उम्मीदवार के अलावा मुस्लिम मतदाताओं के सामने कोई तीसरा विकल्प भी नहीं रहा।कड़ी धूप में करेली, जीटीबीनगर, खुल्दाबाद, रानीमंडी, अटाला के बूथों पर मुस्लिम मतदाताओं की लंबी कतारें गठबंधन के साथ उनकी एकजुटता बयां करती रहीं। करेली में विद्यानिकेतन के बूथ से परिवार समेत बाहर निकलते समय शफीक अहमद कहते हैं कि महंगाई, बेरोजगारी का सवार सबसे बड़ा है। मोदी को 10 साल मौका दिया गया, लेकिन इस बार परिवर्तन होना चाहिए।

इसी बूथ पर पहली बार मतदान करने आई जोया का भी कहना था कि धर्म-संप्रदाय के नाम पर समाज को बांटने वालों के साथ हम नहीं जा सकते। यहां से आगे राजस्व मंडल लेखपाल के बूथ पर भी कमोवेश यही माहौल रहा। जबकि पुराने शहर के मुट्ठीगंज में अमित कक्कड़ अपनी 80 वर्षीया मां कमलेश कक्कड़ के मजबूत विदेश नीति, आतंकवाद, माफियाराज के सफाया के सवाल पर मतदान करने पहुंचे। करछना, बारा और मेजा में मुफ्त राशन का मुद्दा असरहीन नजर आया। यानी , कई जगह दलित मतों में भी गठबंधन सेंधमारी करता दिखा। इनके अलावा भाजपा की सांसद रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर केशरी नाथ के पुत्र पर दांव खेलने,नया नेतृत्व उभारने को लेकर भी पार्टी के कुछ नेताओं की नाराजगी बूथों पर महसूस की गई।मसलन शहर दक्षिणी के कई बूथों से भाजपा उम्मीदवार के बस्ते तक नहीं पहुंचे। पिछले विधान सभा चुनाव में भाजपा मेजा सीट हार चुकी है। करछना, बारा क्षेत्र भी रेवती रमण सिंह का गढ़ माना जाता रहा है। कोरांव और शहर दक्षिणी से भाजपा को हमेशा उम्मीद रही है, लेकिन इस बार यहां भी कांटे की टक्कर है। इस बार कुर्मी और दलित मतों में विभाजन और मुस्लिम मतों की एकजुटता ने भी चिंता बढ़ाई है। ऐसे में यहां भाजपा की राह यहां आसान नहीं दिख रही है। यमुनापार में मेजा के उमापुर बूथ पर कुछ मतदाताओं की नब्ज टटोलने की कोशिश की गई तो किसी ने मोदी और किसी ने अखिलेश यादव का नाम लिया। यमुनापार के ज्यादातर बूथों की कमोवेश यही स्थिति रही। वोटरों को प्रत्याशी नहीं बल्कि मोदी और गठबंधन से मतलब था। शहर के भी मतदाता मोदी के ही नाम पर वोट करते नजर आए।

### कम मतदान ने उलझा दी सियासतबाजों की गणित

इलाहाबाद सीट पर इस बार कुल 51.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें भाजपा के गढ़ शहर दक्षिणी में सबसे कम 40.32 प्रतिशत मतदान हुआ। मेजा में 52.34 प्रतिशत, करछना में 53.88, बारा 57.58 और कोराव 56.7 प्रतिशत मतदान हुआ। इस तरह कम वोटिंग को लेकर भी चुनावबाजों की गणित उलझ गई है। इस सीट पर कुल 18,07,886 मतदाता हैं।

## मंत्री के नाम से मैसेज करने पर वाट्सएप एडमिन गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव के ठीक एक दिन पूर्व 24 मई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सएप के एक ग्रुप ह्लशंकरगढ़ नारीबारी चाकघाट न्यूजह्व पर एक मैसेज प्रसारित किया गया। मैसेज में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी की राजनीतिक उपेक्षा की बात कहते हुए वोट के माध्यम से जवाब देने की बात कही गई थी।इसका संज्ञान लेकर मंत्री नंदी ने ग्रुप के एडमिन प्रमोद बाबू झा और मैसेज प्रसारित करने वाले संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली थाने में त्रक्रूफ दर्ज करा दी है। साथ ही अपने राजनीतिक विरोधियों द्वारा षडयंत्र पूर्वक उनकी छवि धूमिल करने और पुलिस से मामले के तत्काल अनावरण एवं कठोर विधिक कार्रवाई की बात कही। उधर, पुलिस ने ग्रुप के एडमिन प्रमोद बाबू झा को देर रात हिरासत में लिया। विवेचना के दौरान पोस्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान पप्पू के रूप में हुई।

### कांग्रेस नेता का कारोबार देखता है पप्पू

पूछताछ में पता चला कि पप्पू शंकरगढ़ के कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख यज्ञ नारायण मिश्रा के कारोबार इत्यादि की देखभाल करता है। यज्ञ नारायण मिश्रा का बेटा प्रमोद मिश्रा रायपुर, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी का पार्षद है। ऐसे में पोस्ट करने वाले व्यक्ति की पृष्ठभूमि कांग्रेस पार्टी से संबंधित है।पुलिस मामले में की जांच कर रही है। पोस्ट करने वाला व्यक्ति फोन स्वीच ऑफ करके फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। पुलिस फरार अभियुक्त की लोकेशन ट्रेस कर रही है, जिसकी अंतिम लोकेशन झारखंड में दिखा रही है।अभी तक प्रकाश में आए तथ्यों से यह स्पष्ट है कि यह पोस्ट मतदान के ठीक एक दिन पहले बेहद संवेदनशील समय पर चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से किया गया। प्रकरण में कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े हुए लोगों की संलिप्तता है। नंदी ने कहा यह पूरा घटनाक्रम उनकी छवि को प्रभावित करने के उद्देश्य से षडयंत्र पूर्वक रचा गया।

## जेल के बंदियों को दिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं


अखंड भारत संदेश

### प्रयागराज के जिला जेल में विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** प्रयागराज के जिला कारागार नैनी में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। जेल में बंदियों के लिए बन रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई। यहां बंदियों को जो खाना दिया जा रहा है उसकी गुणवत्ता भी देखी गई। इसके बाद बंदियों से मुलाकात भी हुई। यहां 100 बंदियों को दैनिक उपयोग की चीजें जैसे लोअर, टी-शर्ट व चप्पलें भी प्रदान की गई। यहां बंदियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई और उसकी सराहना भी की गई।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह, संतोष कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार गौतम के निर्देशन में पहुंची टीम में चीफ डिफेंस काउंसिल विकास गुप्ता, इलाहाबाद हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता महिमा मौर्या एवं मुकेश कुशवाहा शामिल रहे। प्रभारी जेल अधीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर उप कारापाल अरविंद कुमार सिन्हा व सौरभ यादव, रोटरी क्लब के अध्यक्ष ईशान अग्रवाल, सचिव सुयश गुप्ता आदि शामिल रहे।

## सुबह से ही भीषण गर्मी, लोग बेहाल, तेज धूप से सड़कों पर सन्नाटा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार को नौतपा के दूसरे दिन भी लगातार गर्मी और तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सुबह 6 बजे के बाद से ही तेज धूप है और तापमान लगातार बढ़ता जा रहा। सुबह 9 बजे तक अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी के साथ-साथ उमस इतनी तेज है कि वह सीधे लोगों को प्रभावित कर रहा है।यही कारण है कि सड़कों पर और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। ज्यादातर लोग शाम को ही घर से निकल रहे हैं। मौसम विज्ञानी प्रो. शैलेंद्र राय के मुताबिक, आज तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**शरीर पर सीधे पड़ सकता है हीट वेव का असर :** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के सीनियर फिजीशियन डॉ. मंसूर अहमद ने बताया कि इस भीषण गर्मी और हीट वेव की चपेट में कोई भी आ सकता है। ऐसे में अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत है। प्रयास यही करें तेज धूप में तभी निकलें, जब बहुत जरूरी हो। यदि घर से निकलना जरूरी भी है तो शरीर को पूरी तरह से ढक कर ही निकलें। घर से छाता लेकर निकलें।घर से पानी लेकर निकलें। ताकि जरूरत पड़ने पर खोजने के बजाय तुरंत पानी पी सकें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। नींबू पानी, बेल का शरबत, शिकंजी जैसी चीजों का प्रयोग कर सकते हैं।

### नौतपा : नौतपा के नौ दिन नौतपा मे क्या करना चाहिए

**अर्थात वर्ष के सबसे गर्म दिन 25 मई से 2 जून तक रहेगा**

प्राचीन पौराणिक परंपराओं के अनुसार नौतपा के दौरान पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगाने चाहिए पशु पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने से पितृ प्रसन्न होते हैं। इन दिनों जरुरमंद लोगों को ऐसी चीजों का दान करें जिनसे उन्हें गर्मी से राहत मिले। जैसे पंखे का दान, घड़े का दान, कपड़े, चप्पल, अन्न, जल, सत्तू, पंखा, छाता अदि। ऐसा करने से आपको नवग्रहों का शुभ फल मिलता।

नौतपा में हल्का भोजन करना चाहिए एव हल्के कलर के कपड़े पहनना चाहिए। खाली पेट घर से ना निकले और अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से निकले।

### नौतपा अगर न तपे तो क्या होता है

लोक संस्कृतिविद दीपसिंह भाटी बताते हैं कि

**लू तो बेहद जरूरी है।**
**'दो मूसा, दो कातरा, दो तीड़ी, दो ताव।**
**दो की बादी जळ हरै, दो विश्वर दो वाव।**

अथार्तः नौतपा के पहले दो दिन लू न चली तो चूहे बहुत हो जाएंगे। अगले दो दिन न चली तो कातरा (फसल को नुकसान पहुँचाने वाला कीट)। तीसरे दिन से दो दिन लू न चली तो टिड्डियों के अंडे नष्ट नहीं होंगे। चौथे दिन से दो दिन नहीं तपा तो बुखार लाने वाले जीवाणु नहीं मरेंगे। इसके बाद दो दिन लू न चली तो विश्वर यानी साँप-बिच्छू नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। आखिरी दो दिन भी नहीं चली तो आंधियां अधिक चलेंगी। फसलें चौपट कर देंगी।

# महीनों बाद प्रत्याशियों को आज मिला सुकून का पल

## घर-परिवार व समर्थकों के साथ बिताया दिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रत्याशियों की आज लगभग एक माह की भाग-दौड़ के बाद सुकून मिला और उन्होंने अपनी सामान्य दिनचर्या चुनाव सम्पन्न होने के बाद पहले की तरह शुरु की। सुबह से देर रात तक लगातार प्रचार के बाद 25 मई को चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद और मतपेटिकाएं स्ट्रांग रुम में चले जाने के बाद प्रत्याशी घर चले आए थे, जहां वह थके होने के कारण गहरी नींद ली और कुछ देर से सुबह उठकर सुकून से परिवार व समर्थकों के बीच में बैठे।

सबसे युवा प्रत्याशी बसपा के प्रथमेश मिश्रा जो आज सुबह नौ बजे के बाद बिस्तर से उठे। नाश्ते में पंसदीदा दक्षिण भारतीय व्यंजन लिया फिर अपनी पत्नी प्रीती मिश्रा, बच्चे अद्भुत व समृद्धि, भांजी माधवी संग नाश्ता के बाद खेलने लगे। उसके बाद माता सिंधुजा मिश्रा व पिता शिव प्रकाश मिश्रा व समर्थकों से मतगणना की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ में पहली बार चुनाव मैदान में उतरे थे, जहां उन्हें बहुत प्यार मिला। उन्होंने कहा कि चुनाव में व्यस्तता के कारण दोस्तों से बात भी नहीं हो सकी।

भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने आज सुबह उठने के बाद पूजा अर्चना करने के बाद नाश्ता परिजनों के साथ सुकून के साथ मिला। रोज की तरह जल्दी निकलने की आज जल्दी नहीं थी। आज वह नाश्ता करने के बाद समर्थकों के बीच में अपने कार्यालय में आए और उनके कहां-कहां ज्यादा मत और कहां-कहां मत मिले, पूछा। उन्होंने कहा कि हमें सभी वर्गों का सहयोग मिला है। इसी प्रकार इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल भी चिलबिला स्थित अपने आवास पर रात में चैन से सोने के बाद सुबह उठकर अपनी पत्नी कांति सिंह व अन्य परिजनों के साथ नाश्ता करने के बाद अपने आवास कार्यालय में समर्थकों से मिले। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि जनता तथा सहयोगी दलों ने बहुत मेहनत कर माहौल को अपने पक्ष में बनाया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता का समर्थन भरपूर मिलेगा जो परिणाम से मालूम होगा।



अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल।



सांसद कार्यालय पर समर्थकों से बातचीत करते भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता।



अपने परिवार के साथ मौजूद बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा।

## शान्तिपूर्ण मतदान के लिए प्रमोद व मोना ने जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में जिले समेत रामपुर खास में शान्तिपूर्ण मतदान के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जनता का आभार जताया है। शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने चुनाव में कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत व लगन को लेकर सराहना भी की। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ में लोगों ने शान्तिपूर्ण मतदान में अपनी भागीदारी से लोकतंत्र की गरिमा को मजबूती प्रदान की है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयर पर्सन अनीता द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, छोटे लाल सरोज, अनिल महेश, विकास मिश्र, दिनेश सिंह, दारा सिंह, आशीष कौशल, पन्ने लाल पाल, शेरू खां आदि रहे।

## प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद, अब 4 जून का इंतजार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शनिवार की देर रात तक महुली मण्डी में ईवीएम पहुंच गई थी। प्रत्याशियों के भाग्य अब ईवीएम में कैद हो गये हैं। इसका खुलासा चार जून को मतगणना के समय होगा। इसका सबसे ज्यादा गणित भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता व इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा एसपी पटेल के समर्थक लगा रहे हैं। वास्तविकता यह है कि चुनाव में कहीं भाजपा तो कहीं सपा आगे रही है। इस संसदीय क्षेत्र में 51.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। केवल रामपुर खास विधान क्षेत्र में एक पीठासीन अधिकारी पर वोट डालने का आरोप है तो फर्जी मतदान पर आपत्ति करने वाले भाजपा मतदान अभिकर्ता को धमकाने की भी शिकायत चुनाव आयोग से की गई है।

## लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब कयासों का दौर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब कयासों का दौर जारी हो गया है। शहर से लेकर गांव तक चाय पान की दुकानों पर हार जीत का हिसाब लगाते लोग देखे गये। इस दौरान सपा व भाजपा के समर्थक समीकरण के हिसाब से वोटों को लेकर गुणा गणित कर रहे हैं। हर जगह अब बस यही चर्चा रही कि साइकिल चलेगी या फिर खिलेगा कमल का फूल। इस दौरान ब्राह्मण, क्षत्रिय और पटेल वोटरों के बाबत प्रत्याशी अपने समर्थकों के जरिये टोह ले रहे हैं। वहीं साइलेंट वोटिंग से राजनीतिक मठाधीश भी किसी प्रत्याशी के जीत का अनुमान लगाने में विफल रहे हैं। हालांकि ईवीएम में बन्द प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को फैसला होना है।

# मैजिक की टक्कर से मासूम की दर्दनाक मौत, किशोरी घायल

## आक्रोशित परिजन व ग्रामीणो ने जलेसर हीरागंज मार्ग को किया जाम, सूचना पर पहुंची पुलिस बड़ी मशक्क्त के बाद जाम खुलवाया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र अरहारी श्रीपुर गांव के बड़े रविवार को मैजिक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिसमे मासूम की मौके पर मौत हो गई और किशोरी घायल हो गई। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अचकवा पुर निवासी हरीलाल यादव पुत्र द्वारिका यादव अपने बेटे आदित्य यादव (12) वर्ष और बेटी अंजली यादव को बाइक से लेकर अरुहारी गांव रिस्तेदारी जा रहे थे, जैसे ही श्रीपुर के ईंट भट्ठे पहुंचे थे तभी हरनाहर की तरफ से आ रही अनियंत्रित मैजिक ने सड़क किनारे खड़े बच्चों समेत बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया।

टक्कर लगते ही आदित्य सड़क पर गिर गया जिसे मैजिक रौंदते हुए चली गई टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े ग्रामीणो ने सड़क पर घायल पड़े तीनों को उपचार के लिए ले जाने के लिए एम्बुलेंस को फोन किया लेकिन एम्बुलेंस आने से पहले ही आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घायल बाइक चालक व अंजली यादव (16) वर्षीय को इलाज के लिए ले गये आदित्य की मौत की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन तथा आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक महेशगंज श्रवण कुमार सिंह तथा थानाध्यक्ष जेठवारा धीरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जाम को खुलवाया। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर अज्ञात मैजिक चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।



मासूम की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

## नीलगाय को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराया, बाइक सवार युवक की मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को शाम आठ बजे के करीब रामचंद्र वर्मा पुत्र भगवानदीन (53) वर्ष निवासी आनापुर पडरी जौनपुर, हलवाई का काम करके घर वापस लौट रहे थे। बाबूगंज मोड़ पृथ्वीगंज बाया बंधवा मार्ग पर आमी सराय में मोटर साइकिल के सामने नीलगाय सामने आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में वह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस सीएचसी भिजवाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रास्ते में ले जाते समय युवक की मौत हो गई। मृतक के तीन बच्चे हैं बड़ी बेटी (26) वर्ष प्रीती बेटा जयसिंह पटेल छोटी बेटी नीतू पटेल इंटर पास हैं। पत्नी राज कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है।स्थानीय लोगो से प्राप्त जानकारी पर मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी पट्टी कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## करंट लगने से राजगीर मिस्त्री की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सिटी चैकी अंतर्गत फुलवारी (नई बस्ती) में मकान निर्माण कार्य करते समय करंट की चपेट में एक राजगीर आ गया। आनन-फानन में लोग उसे लेकर जिला अस्पताल भागे, जहां डॉक्टरों ने राजगीर को मृत घोषित कर दिया। मृतक राजगीर सुशील कुमार (35) पुत्र राम प्रसाद हरिजन निवासी रतीपुर चांदपुर का रहने वाला था। वह कुलदीप शर्मा के मकान का टाईबीम बनाने के लिए ग्राइंडर मशीन से सरिया काट रहा था। इसी दौरान सरिया के साथ-साथ तार भी कट जाने से राजगीर को करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे सिटी चैकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने घटना का जायजा लिया। इस दौरान मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुचे और वहां पर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सुशील की मौत से पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों एवं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


### भण्डारा आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खजुरी गांव में भगवान बजरंगबली मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर आज सोमवार को भण्डारे का आयोजन किया गया है। शाम पांच बजे से आयोजित भण्डारे के पूर्व हनुमान जी की भव्य आरती होगी। यह जानकारी सहसंयोजक छोटे तिवारी ने दी है।

## महान शिक्षाविद डॉ. बी.आर. विश्वकर्मा के निधन पर हुई शोक सभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा एमडीपीजी कालेज प्रतापगढ़ के आंग्ल भाषा के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉव बी आर विश्वकर्मा के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा सृजना कुटीर, अजीतनगर में हुई जिसमें उनके प्रेरक व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा की गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, राकेश कनौजिया, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, बसंत त्रिपाठी एडवोकेट, रोशनलाल ऊमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, राम शकल शुक्ल एडवोकेट, सुनील कुमार विश्वकर्मा एडवोकेट प्रमुख रहे।



डा0 बी0आर0 विश्वकर्मा (फाइल फोटो)

## स्थापना महोत्सव में हुई हनुमान जी महाराज की आराधना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खजुरी गांव में हनुमान मंदिर के तेईसवें स्थापना महोत्सव में रविवार को श्रद्धालु हवनपूजन तथा महावीर हनुमान की आरती में मंत्रमुग्ध दिखे। आचार्य पं. धीरेन्द्रपाल त्रिपाठी के मंत्रोच्चारण के मध्य श्रद्धालुओं ने सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा व आरती के मध्य हवन पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक राकेश त्रिपाठी व सुमन त्रिपाठी ने भगवान बजरंगबली महाराज का भव्य श्रृंगार किया। आचार्य धीरेन्द्रपाल त्रिपाठी ने कहा कि कलिकाल में हनुमान जी की आराधना जीवन के मंगल का फल प्रदान किया करती है। इं. अक्षिता त्रिपाठी के संयोजन में भवन व संकीर्तन में भी श्रद्धालु महिलाओं ने भगवान बजरंगबली की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के सहसंयोजक राजेश त्रिपाठी, डॉ. सर्वेश कुमार त्रिपाठी, अधिवक्ता रामकुमार त्रिपाठी, श्याम त्रिपाठी, अनुपम त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया।

# तूफान व बारिश से लोग हुए हलाकान, पेड़ हुए धराशाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेमौसम बारिश व आंधी तूफान के चलते रविवार को दोपहर थोड़ी देर के लिए जनजीवन अस्तव्यस्त हो उठा। नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में कई जगह बिजली का तार टूट जाने से देर शाम तक विद्युत आपूर्ति भी ठप्प हो उठी। वहीं कई जगह पेड़ की डालियां भी टूटकर सड़क पर गिर गयी। लखनऊ-वाराणसी के प्रतापगढ़-लालगंज के अजगरा बाजार के समीप पेड़ गिरने से घण्टों यातायात बाधित भी दिखा। लोगों के छप्पर तथा टीन-टप्पर भी उड़कर गिर गए। वहीं बारिश थमने के बाद गर्मी के साथ उमस के भी बढ़ने से लोग परेशान दिखे। आंधी व तूफान के चलते बाग में आम को लेकर भी नुकसान देखा गया। इधर मौसम में शनिवार की रात से ही परिवर्तन देखा गया। इसके चलते लालगंज कस्बे में शाम से देर रात तक कई बार बिजली भी ट्रिप होती रही। आंधी और तूफान को लेकर बाजार में लोगों में बिजली विभाग के जर्जर तारों को लेकर भी लोगों के माथे पर चिन्ता की लकीर फिर बढ़ी दिखी। हालांकि आधे घण्टे के अंदर ही मौसम फिर अपने ढर्रे पर आ पहुंचा।



तूफान के चलते ढहे वृक्ष को हटाते लोग।

## कंधई के युवक की सूरत में मौत, परिजन रवाना

पट्टी, प्रतापगढ़। सूरत में रहकर व्यापार करने वाले व्यापारी की अचानक तबीयत खराब हो जाने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक की पत्नी व बेटा सूरत शहर के लिये रवाना हो गये। कंधई थाना क्षेत्र के पूरे पांडेय(दीवानगंज) निवासी 50 वर्षीय अवधेश सिंह पुत्र दान बहादुर सिंह गुजरात प्रांत के सूरत शहर में रहकर व्यापार करते थे। बीते शुक्रवार सायं तीन बजे अवधेश सिंह की तबियत अचानक खराब हुई तो आस पास के लोगों द्वारा उपचार के लिये उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उनकी सांसें थम गईं।मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शनिवार सुबह पत्नी बबिता सिंह व बेटा शिवम सूरत शहर के लिए रवाना हो गए। अवधेश के एक पुत्र शिवम सिंह एवं एक पुत्री नंदनी है, नंदनी की शादी हो चुकी है।

### घर के सामने खड़ी बाइक को उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में घर के सामने खड़ी बाइक को बीती रात अज्ञात चोरों ने उठा ले गए। सुबह जब पीड़ित सो कर उठा तो देखा बाइक नदारत थी। यह सब देख आस-पास खोजा लेकिन कहीं बाइक का पता नहीं चल सका। बगल में लगे सीसीटीवी खगाला गया तो एक बाइक पर आए तीन लोगों का फोटो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। कोतवाली के कस्बा के रहने वाले इरफान अहमद मोहम्मद शरीफ अपने घर के सामने शनिवार की रात बाइक खड़ी कर सोने चले गए। सुबह जब घर के बाहर आए तो बाइक वहां से नादारथ थी यह देख आस-पास काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चल सका। बगल में लगे सीसीटीवी खगाला गया तो एक बाइक पर आए तीन लोग की बाइक ले जा रहे थे जिका फोटो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र मिला है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

### आठ आरोपियों के खिलाफ तोड़फोड़ व हत्या के प्रयास का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन घर में घुसकर मारपीट व दुकान में तोड़फोड़ को लेकर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा तथा तोड़फोड़ को लेकर केस दर्ज किया हैं। लालगंज कोतवाली के वर्मानगर चैराहा निवासी संतोष मोदनवाल के पुत्र संदीप मोदनवाल ने घर में ही दुकान खोल रखी है। बीती इक्कीस मई को शाम साढ़े छह बजे पुरानी रंजिश को लेकर बगल के खजुरी गांव के अमित यादव, अनिल यादव व राजेन्द्र तथा भवराम बोझी के श्यामलाल वर्मा, विशाल वर्मा, अर्पित वर्मा, कुनाल गुप्ता लाठी डंडे व लोहे का राड लेकर उसकी दुकान पर पहुंच गए। आरोपी गाली देते हुए दुकान के अंदर घुस गए। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जानलेवा हमले में पीड़ित का भाई अनेश बेहोश हो गया। शोरशराबा होने पर आस पास के व्यापारी जुटे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये।

## बूथ से हट जाओ, तुम्हे लास्ट वार्निंग दे रहा हूं वरना....!

### फर्जी मतदान के विरोध पर बीजेपी एजेंट को मिली धमकी, आडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फर्जी मतदान का विरोध करने पर एक बीजेपी एजेंट को एक कद्दावर नेता ने फोन पर धमकी दे डाली। एजेंट ने नेता के धमकी भरे ऑडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बीजेपी के नेताओं ने चुनाव आयोग से मामले की शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक उक्त मामला विकास खंड रामपुर-संग्रामगढ़ के एक बूथ का है। बीजेपी एजेंट के मुताबिक कुछ लोग दूसरे के नाम के वोट को डाल रहे थे, उसका विरोध किया तो उन लोगो ने अपनी पार्टी के एक नेता को बताया कि फर्जी वोटिंग का विरोध हो रहा है। इतने में एक कद्दावर नेता का फोन बीजेपी एजेंट के मोबाइल पर बज उठा। नेता जी ने हैलो कहा कि दूसरी तरफ से जी भैया, नेता जी ने कहा जी भैया नही जो तुम पोलिंग पर गड़बड़ कर रहे हो ठीक नही है। आखिरी बार तुम्हें वार्निंग दे रहा हूं वोट डालो घर जाओ, दूसरी तरफ से मतलब यहां दूसरे के नाम से वोट डाला जा रहा है। नेता जी ने कहा कि किसी दूसरे का वोट कोई नही डालेगा, आप बड़े भारी ठेकेदार मत बनो, तुम्हारे परिवार के रिश्ते के कारण तुमको कभी मैंने टारगेट पर नही लिया, अब तुम सारी हदें पार कर रहे हो। लास्ट वार्निंग दे रहा हूं वरना....। आग बबूला हुए कद्दावर नेता के ऑडियो को बीजेपी कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया पर वायरल के साथ ही बीजेपी के पदाधिकारियों को भी भेज दिया। बीजेपी नेताओं ने मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। जांच के बाद ही उक्त मामले की सच्चाई सामने आयेगी। फिलहाल क्षेत्र के लोगों में यह चर्चा आम थी कि इस तरह की धमकी चुनाव के समय रामपुर खास में एक आम बात है।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी थाने पहुंचा, पीड़िता ने किया बवाल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के थाने पहुंचने पर किसी ने पीड़िता को जानकारी दे दी। थाने पहुँची पीड़िता ने थाने पर जमकर बवाल काटा। विवेचक के सामने ही पीड़िता आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करती रही लेकिन आरोप है कि विवेचक ने आरोपी को गिरफ्तार न करके आरोपी को छोड़ दिया।

महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर के चार लोगों के खिलाफ एक महिला ने छेड़खानी सहित मारपीट करने का मुकदमा लिखवाया है। पीड़िता का कहना है कि उसके साथ आरोपियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया है लेकिन पुलिस ने तहरीर बदलवाकर मामलें में छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। जज साहिबा के सामने पीड़िता ने बयान में अपने साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का बयान दिया है और मेडिकल भी रेप के मामलें को लेकर कराया है। पीड़िता का कहना है कि विवेचक द्वारा आरोपियों से मिलीभगत करके मामले में न तो सामूहिक दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की जा रही है और न हत्यारोपियों की गिरफ्तारी आरोपियों द्वारा मामले में सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिसकी शिकायत उसने अधिकारियों सहित जनसुनवाई पोर्टल पर भी की है। रविवार को सुबह करीब सवा 9 बजे आरोपी थाने आया था। जानकारी होने पर पीड़िता भी थाने आ गई और पुलिस वालों के सामने की आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगी। ऑफिस में बैठे विवेचक के सामने पीड़िता रो-रोकर आप बीती बताती रही और आरोपी की गिरफ्तारी तथा अपनी जान की सुरक्षा की मांग करती रही लेकिन विवेचक ने पीड़िता की बातों को अनसुना करते हुए आरोपी को छोड़ दिया। पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से मिलीभगत करके तथा आर्थिक लाभ लेकर न तो उसके बयान के आधार पर धारा बढ़ा रही है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। इस संबंध में सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता का कहना है कि आरोपी को थाने पर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जिस धारा में मुकदमा लिखा गया है, उस धारा में गिरफ्तारी नहीं है। साक्ष्य संकलन के बाद विवेचना के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

# अधेड़ की हत्या कर खम्भे से बांध दी लाश

## अवैध संबंधों में बाधक बने अधेड़ को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी कीमत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव के एक दलित अधेड़ की ईट भट्ठे में बेरहमी से हत्या कर-के शव को खंभे से बांध दिया गया है मृतक का दोनों पैर जमीन पर रखा है ऊपर चुल्ला नहीं है शव कहीं लटक नहीं रहा है मृतक के शव की जानकारी मिलते ही मौके पर ईट भट्ठे के मजदूरों सहित तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गयी मामले की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के दूसरे जाति के व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की पत्नी के मौजूद होने के बाद उसने पुलिस को तहरीर नहीं दिया है बताया जाता है कि मृतक अवैध संबंधों का विरोध कर रहा था विरोध के चलते उसकी हत्या करके शव को खंभे से बांध करके आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है लेकिन हत्यारे आत्महत्या का रूप देने में भी सफल नहीं हो सके हैं मौके की स्थिति चिल्ला चिल्ला करके हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की



गवाही दे रहे हैं जिले में इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ चुकी है जिनमें हत्या करने के बाद आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जाता है। जानकारी के मुताबिक बनारसी लाल धोबी पुत्र लूलू निवासी सैदनपुर थाना करारी रहीमपुर मौलानी के ईट भट्ठे में मजदूरी करता था मौके पर उसकी पत्नी भी रहती थी पत्नी से आए दिन उसका विवाद होता था बीती रात भी पत्नी से उसका जमकर विवाद हुआ था इस बात की चर्चा भट्ठा मजदूरों के बीच है रविवार को ईट भट्टे के बाहर खम्भे से उसका शव बंधा हुआ मिला है मौके की स्थिति चिल्ला चिल्ला कर हत्या करने की गवाही दे रही है बनारसी लाल धोबी की पत्नी ने तहरीर नहीं दिया है राजू पासी पुत्र रामनाथ ने पुलिस को तहरीर दिया है आखिर सवाल उठता है कि बनारसी लाल धोबी की मौत के बाद दूसरे जाति के राजू पासी को तहरीर देने की क्या जरूरत पड़ गई है राजू पासी का बनारसी लाल धोबी की पत्नी से क्या संबंध है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तहरीर देने वाले राजू पासी के कारनामे की सूक्ष्म जांच किए जाने की जरूरत है यदि मामले में पुलिस ने गंभीरता से जांच की तो बनारसी लाल धोबी की हत्या की कहानी परत दर परत खुल जाएगी।

## जमीनी विवाद में दबंगो ने युवक पर किया जानलेवा हमला, बचाने आए परिजनो को भी पीटा

**कौशाम्बी।** जिले में जमीनी विवाद में दबंगो ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया,बचाने आए परिजनो को भी पीट दिया,हमले में युवक गंभीर घायल हो गया,जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर काजी का है जहा शनिवार को हल्का लेखपाल शिकायती प्रार्थना की जांच पड़ताल करने पहुँचे थे,गाँव मे गोमती के पास युवक मो0 शाकिर खड़ा था, राजस्व लेखपाल मौके पर एक भूमि के बारे मे पूछताछ कर रहे थे, इतने मे एकराय होकर गाँव के दबंगो ने लाठी,डंडा, सरिया लेकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया,इस दौरान बीच-बचाव करने पहुँची परिवार की नूर बानो और मो0शान को भी मारपीट किया। हमले में युवक मोहम्मद शाकिर गंभीर घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने मामले कि सूचना कोखराज पुलिस को देते हुए न्याय कि गुहार लगाई है, पुलिस ने मामला को गम्भीरता से लेते हुए सभी घायलो को मूरतगंज पीएचसी मे इलाज के लिए भर्ती कराया, जिसमे मो0 शाकिर की हालत गंभीर होने पर जिला रेफर कर दिया गया है।

# तालाबों में लेखपाल के द्वारा बनवाया जा रहा मकान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के ग्राम गोबरसाहई में गाटा संख्या 413ख में भू माफिया द्वारा मकान बनया जा रहा है तहसील प्रशासन के द्वारा लगभग एक माह पूर्व कानून गो को जांच दी गई और जांच में पाया गया कि तालाबी नंबर में बुध राम पुत्र पंछी और भैयान्न पुत्र बुध राम के द्वारा मकान बनाया जा रहा था और कई जमीन पर कब्जा किया पाया गया था लेकिन लेखपाल के द्वारा मोटी रकम लेकर तहसील प्रशासन को फर्जी रिपोर्ट देकर गुमराह कर रहा है कि साहब किसी प्रकार का कोई कब्जा नहीं है माफिया द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल से लेनदेन करके कब्जा करवाया गया है मुख्यमंत्री के जीरो टार्लेंस के नीति को लेखपाल ठेंगा दिखा रहा है मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर जो भी व्यक्ति तालाब नंबर पर अवैध रूप से कब्जा किया है उसे तहसील प्रशासन अतिशीघ्र



खाली कराकर माफियाओं को कब्जे से लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को सुरक्षित रखा जाए लेकिन मुख्यमंत्री का आदेश को गोबर सहाई के लेखपाल द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है उनके किसी भी आदेश को नहीं पालन किया जा रहा है मुख्यमंत्री ने चकमार्ग और तालाबी नंबरों में अवैध रूप से कब्जा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके जमीन को खाली कराने की मांग की जा रही है लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल अपने आप को तहसील के किसी भी अधिकारी से कम नहीं समझता कहता है कि मेरी सत्ता में बहुत पहुंच है मेरा कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता आप चाहे जिलाधिकारी या उप जिलाधिकारी किसी भी कर्मचारी के पास जाएं मुझे फर्क नहीं पड़ता लेखपाल के इस रवैया से पूरे गांव में आक्रोश ब्याप्त है तालाबी नंबर की जमीन को खाली कराया नहीं गया तो भूमाफिया इसी तरह कब्जे करके जमीन को क्रय विक्रय करने में सफल रहेगा।

# ट्रैक्टर चालक को लाठियों से पीटा, भतीजे को मारी गोली

**चायल कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गांजा गांव निवासी कल्लू सिंह पुत्र खड़क सिंह ट्रैक्टर लेकर 26 मई की दोपहर 11:00 बजे जा रहा था रास्ते में गांव के आधा दर्जन दबंगों ने उसे रोक लिया और लाठी डंडे से जमकर पीट दिया है है जिससे ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोटें आई है हमले के बाद घायल ट्रैक्टर चालक घर पहुंच परिवार को पूरी बात बताई पीछे से आधा दर्जन दबंग लाठी डंडा बंदूक लेकर उसके घर पहुंच गए गाली गलौज करते हुए फायरिंग कर दी उसके भतीजे शेरा सिंह को गोली मार दी है जिससे शेरा सिंह गंभीर घायल है और जमीन पर गिरकर तड़पने लगा हमले की जानकारी मिलते ही गांव के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई भीड़ देखकर हमलावर ललकारते हुए फरार हो गए हैं डायल 112 पुलिस को फोन करके मामले की

**घायल चाचा भतीजे को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती**



जानकारी दी गई जिस पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची है तब तक हमलावर फरार हो चुके थे घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है जहां भतीजे की हालत गंभीर है खबर लिखे जाने तक हमला करने वाले लोगो की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है हमला करने वाले लोगों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

## सम्पूर्ण थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे जिले में थाना पुलिस द्वारा रविवार की शाम को पैदल गस्त कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने दो वाहनों की चेकिंग की और संदिग्ध लोगों की तलाश की तथा संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी इसी तरह संपूर्ण जिले के संपूर्ण थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया गया लोगों को कानून का पालन करने की हिदायत दी गई पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन हेतु जागरूक किया गया।

# कौशांबी के युवक की राजस्थान में हत्या


**महगाव कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के बडी धन्नी गांव के युवक का राजस्थान में संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर रक्त रंजित शव मिला है मृतक का हाथ पैर रस्सी से बंधा था और शरीर में गहरे घाव के निशान है जानकारी के बाद परिजनो में कोहराम मच गया है मृतक युवक राजस्थान के जोधपुर में फर्नीचर का काम करता था,मौके पर पहुंची राजस्थान प्रदेश की पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला राजस्थान पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनो को दी,सूचना मिलने के बाद परिजन राजस्थान के लिए रवाना हो गए है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बड़ी धन्नी गांव निवासी शिव नारायण विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष पुत्र लालता प्रसाद विश्वकर्मा राजस्थान के जोधपुर में फर्नीचर का काम लगभग एक वर्ष से कर रहा था। शुक्रवार के दिन पड़ोस के लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा



तोड़कर अंदर गई तो उसका रक्तरंजित शव बिस्तर पर पड़ा हुआ मिला है,मृतक की गर्दन पर गहरा घाव है,वही उसका एक हाथ और एक पैर रस्सी से बंधा हुआ था,पुलिस ने शव को बाहर निकाला और लिखा पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनो को सूचना दे दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन राजस्थान के जोधपुर के लिए रवाना हो गए है,शव की हालत देखकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे है,बहरहाल जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि शिव नारायण की हत्या किसने और क्यों की है।

## न्यूज झरोखा

### गौ तस्करी के लिए ले जा रहे गौवंशों से लदी पिकप को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा




**कौशाम्बी।** जिले में शनिवार की शाम चरवा थाना इलाके से गौ तस्करी के लिए पिकप में? गौवंशों को लादकर कुछ लोग तस्करी के लिए ले जा रहे थे। घटना की जानकारी किसी ने चरवा थाना पुलिस को दी। सूचना पर चरवा थाना पुलिस सतर्क हुई और भरवारी चरवा मार्ग पर चेकिंग लगा दी। इतने में चरवा क्षेत्र के अरई गाँव के पास जैसे ही गौवंशो से लदी पिकप पहुंची तो पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो पिकप चालक गाड़ी न रोककर पुलिस को देखते ही तेज स्पीड में भागने लगा। पिकप चालक को भागता देख चरवा थाना पुलिस ने पिकप का पीछा किया। लगभग दस किलोमीटर तक पीछा करने के बाद कोखराज थाना क्षेत्र के दरियापुर मझियांवा गाँव के पुल के पास पुलिस ने घेरा बंदी कर गौवंशों से लदी पिकप को पकड़ लिया। वहीं घटना में पिकप चालक मौके से फरार हो गया। चरवा थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद गौवंशों से लदे पिकप को चरवा थाना ले गयी। और पिकप चालक की तलाश जुट गयी है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये पिकप में चार गौवंश थे।

### 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने मनाया पायलट दिवस

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कौशाम्बी जनपद में संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने जिला अस्पताल मंझनपुर में केक काटकर पायलट दिवस मनाया। इस अवसर पर ईएमआरआई कंपनी के



ऑपरेशन हेड आशुतोष मिश्रा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पायलट को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। पायलट अनुज, भरत वर्मा, लवकुश मौर्या, राकेश सिंह, राधेश्याम यादव, मुलायम सिंह, राजकुमार पाल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कौशाम्बी जनपद के कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश यादव, जिला प्रभारी नितिन श्रीवास्तव एवं अन्य एम्बुलेंस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### मेले में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना कड़ाधाम की पुलिस टीम द्वारा रविवार को कड़ा मेला में भ्रमण कर बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 1930, 1098, 181,112 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

### महिला पुलिस ने बालिकाओं को किया जागरूक

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा रविवार को मंझनपुर कस्बा क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 1930, 1098, 181, 112 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# नगर पालिका अध्यक्ष के सौतेला व्यवहार से नगर के लोगों में फैला आक्रोश

**पूर्व सभासद के मोहल्ले में आज तक नही गए एक भी सफाई कर्मचारी जबकि नगर पंचायत से बन गयी नगर पालिका परिषद**

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के अध्यक्ष के सौतेला व्यवहार से पूरे नगर पालिका में किरकिरी हो रही है पूर्व सभासद के आवास के पास की सड़कों पर सफाई करने का काम सफाई कर्मियों को रोक दिया गया है जिससे पूर्व सभासद के मोहल्ले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बंद है जगह-जगह पर गंदगी का अम्बार लगा है नया बाजार के बिंदा मील के पास भगवान शिव एवम शनि भगवान सहित सभी देवी देवता का प्राचीन मंदिर है जहा पर सैकड़ो भक्त लोग पूजा अर्चना करने प्रति दिन आया करते है लेकिन इस मोहल्ले की सफाई व्यवस्था नगर पालिका ने बंद कर दी जहा पर आज तक कोई सफाई कर्मचारी



सफाई करने नही गया जिसके चलते नाली बजबजाती रहती है और दुर्गंध आती रहती है पूरे मोहल्ले में जगह-जगह गंदगी का अंबार है सफाई व्यवस्था बंद कराए जाने से मुहल्ले वासियों में आक्रोश है। आपको बता दे इसी मुहल्ले में पूर्व नगर पंचायत सभासद विनोद केसरवानी का भी मकान है उसके बाद भी इतनी बडी ना इंसाफी पर चर्चा होना तो लाजमी है इतना ही नहीं मंदिर के पीछे लगभग छह बीघा का तालाब था जिसे लोगो ने पाट पाट कर उसमे एक मंजिल दो मंजिल इमारत खड़ी कर ली है यदि नगर पालिका अध्यक्ष ने इस तालाब को संज्ञान लिया तो सब सच्चाई सामने आ जाएगी सबसे बडी बात तो ये है की सफाई कर्मचारी जब भी कही काम करने जाते है तो वह सिर्फ. सफाई की हुई जगह की फोटो खीच कर नगर पालिका परिषद ग्रुप में डालकर अपनी पीठ स्वय थपथपाने का कार्य करते है और ऑल इज वेल है 'जिसे नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी भी समझ लेती है यहां पर मेरे कर्मचारी ने कार्य कर दिया जबकि वहा की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है '। सबसे बडी बात तो यह है पूर्व सभासद विनोद केसरवानी का कहना कि तब नगर पंचायत हुआ करती थीं उस वक्त लगभग तीस सफाई कर्मचारी हुआ करते थे आज नगर पालिका परिषद भरवारी में लगभग तीन सौ पचास सफाई कर्मचारी मौजूद है उसके बाद भी सफाई न हो पाए यह अपने आप में बहुत बडी बात है मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है की बिंदा मील मंदिर से लेकर सभसद के मुहल्ले एवम मंदिर के पीछे गंदगी की सड़ांध को दूर करवाने का कष्ट करे।

# गवाहों के मुकर जाने के बाद अदालत से हत्या के आरोप में दोष मुक्त एक अपराधी बेच रहा तमंचा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 18 वर्षों पहले हत्या के आरोप में जेल जाने के बाद 3 साल तक जेल में रहने वाले एक अभियुक्त गवाहों के मुकर जाने से हत्या के आरोप से दोष मुक्त हो गया जेल में रहने के दौरान इस हत्या अभियुक्त के तमाम शातिर अपराधी साथियों से संपर्क हो गया और यह भी शातिर बन गया अब यह तमाम तरह के अपराध करने लगा है लेकिन पुलिस की नजर से हमेशा बचा रहता है यह हत्या अभियुक्त लगभग 3 साल बाद जेल से छूटने के बाद मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने लगा है और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है तमंचा बेचना इसका मुख्य व्यवसाय बन गया है बीते दिनों इस शातिर अपराधी ने एक व्यक्ति के गले में रस्सी फंसा कर हत्या करने का प्रयास भी किया है बताया जाता है कि हत्याकांड का यह अभियुक्त बीते कई वर्षों से तमंचा बेचने का व्यवसाय कर रहा है इलाके के तमाम अपराधी इसके संपर्क में है जिन्हें यह तमंचा उपलब्ध कराता है लेकिन कोतवाली पुलिस इस शातिर अपराधी की गतिविधियों से अनजान बनी हुई है इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए तमंचा बेचने वाले इस शातिर अपराधी की गतिविधियों की जांच कराए जाने और उसकी गिरफ्तारी कराकर इसके तमंचा व्यवसाय का भंडाफोड़ किए जाने की मांग की है।

# पूरे जिले की सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट, संविदा कर्मी के जिम्मे होती है वसूली

**कौशाम्बी।** पूरे जिले के सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था बीते दो वर्षों से पूरी तरह चौपट हो चुकी है सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर निजी नर्सिंग होम चलाने में मस्त है और नर्सिंग होम चलाने वाले सरकारी डॉक्टर से 20000 महीना की वसूली सीएमओ के कार्यालय में उनका चहेता संविदा कर्मी द्वारा प्रत्येक महीने किया जा रहा है यदि आंकड़ों पर गौर करें तो ढाई करोड़ रुपए सालाना सरकारी डॉक्टर से वसूली हो रही है जिसके चलते सरकारी डॉक्टर के निजी नर्सिंग होम चलाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोक नहीं लगाई जाती है यह संविदा कर्मी पूरे दिन साहब की जी हुजूरी करता है इस बात का प्रमाण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा कर रहा है आखिर कौशांबी जिले की चौपट हो चुकी सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार करने का प्रयास कब स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया जाएगा इस बात का जवाब जिले की जनता स्वास्थ्य मंत्री से चाहती है लेकिन स्वास्थ्य मंत्री भी जिले की जनता को इस बात का जवाब देने के लिए तैयार नहीं है पूरे जिले की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट कर देने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी तो इस कदर से मीटिंग का निर्देश जारी कर देते हैं जिससे सरकारी अस्पताल में चिकित्सक नहीं मौजूद मिलते और मनीज तड़पते रहते है इलाज के आभाव में मरीजो की मौत हो जाती है मजबूरन मरीज निजी

**नर्सिंग होम चलाने वाले सरकारी डॉक्टरो से ढाई करोड रुपए साल होती है सीएमओ कार्यालय में वसूली, कौशांबी जिले की चौपट हो चुकी सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार करने का प्रयास कब स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया जाएगा**

नर्सिंग होम में इलाज के आने पहुंचते हैं जहां पर सरकारी चिकित्सक उपस्थित मिल जाते हैं लेकिन उसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सरकारी चिकित्सकों की यह करनी इसलिए नहीं दिखाई पड़ा है क्योंकि उनका संविदा कर्मी प्रत्येक वर्ष ढाई करोड़ सरकारी चिकित्सकों से वसूली कर रहा है मामले को लेकर कई बार शिकायत हुई शासन स्तर से जांच शुरू हुई लेकिन जांच के दौरान सब कुछ लीपा पोती हो जाता है जिससे वसूली करने वाले के हौसले बुलंद है और गलत तरीके से चलने वाले नर्सिंग होम क्लीनिक नहीं बंद हो रहे हैं जिसका खामियाजा मरीज भुगत रहे हैं और मामूली मर्ज पर मौत हो रही है सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज नहीं मिलता है लेकिन फिर भी प्रत्येक महीने करोड़ों रुपए का वेतन सरकारी अस्पताल के डॉक्टर को आसानी से दिया जा रहा है।

# हिनौता गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के हिनौता गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मंझनपुर नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिताओ से युवाओ का शारीरिक विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताओ के आयोजन में सभी लोगों को भाग लेना चाहिए, और युवाओ का उत्साह बढाने का काम करना चाहिए। जिससे जिले के साथ-साथ गैर जनपदों व प्रांतों में भी युवा कौशाम्बी का नाम रौशन कर सके। इस दौरान १५ ओवर का मैच आयोजित किया गया। जिसमें सोनू यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया, और जम कर लोगों से वाह वाही लूटी, न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष द्वारा सोनू यादव को पांच सौं रूपया का पुरस्कार दिया गया, और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने वालों को 51 सौ रूपया की सहायता राशि दिया। हिनौता गांव में हिनौती



प्रिमियर लीग टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ रविवार को किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी व विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल रहे। इस दौरान मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों से सभी अतिथियों ने परिचय करते हुए उनका उत्साह वर्धन किए। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने वाली टीम ने यह सराहनीय कार्य किया है। उन्होने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिताओ से युवाओ का शारीरिक विकास होता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आज ये युवा गांव की प्रतियोगिताओ में भाग ले रहे है, आगे यह युवा जिले व मण्डल के साथ-साथ गैर जनपदों व प्रांतों की क्रिकेट प्रतियोगिताओ में भी भाग लेगे। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिताओ के आयोजन से युवाओ का उत्साह वर्धन हो रहा है। क्रिकेट खेल एक ऐसा खेल है, जिसमें आगे बढने के लिए खिलाडियों को बहुत अधिक मेहनत नहीं करनी पडेगी। क्यों कि वह जिस प्रकार से गांव में आयोजित खेलों में मेहनत करते है, गैर जनपदों व प्रांतों में खेलने के लिए उनको तमाम सुविधाएं भी मिलेगी। इस लिए वह मेहनत करते जाय, और आगे बढते रहे। उन्होने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने वाली टीम की वह हर सम्भव मद्दत करेगे। इस १५ ओवर का क्रिकेट का आयोजन किया गया। जिसमें सोनू यादव ने छक्का चौवा की बौछार कर दिया। सोनू यादव का यह खेल देख कर लोगों ने जम कर सराहना किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने क्रिकेट का आयोजन करने वाले राजेश कुमार ग्राम को ५१ सौं रूपया की सहयता राशि दिए। इस मौके पर विजय तिवारी, अंशुल केसरवानी सभासद निरंजन चौधरी आर्यवीर सभासद् सुनील कुमार उर्फ गुड्डू अतुल त्रिपाठी पंकज यादव राहुल सोनकर गोकुल प्रसाद ज्ञानेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# मोदी सरकार के 10 साल

चार जून के बाद देश को नई सरकार के साथ अठ्ठारहवीं लोकसभा का गठन हो जाएगा। देश भर में इन दिनों हर तरफ लोकसभा चुनाव की चर्चा हो रही है। पिछले दो बार के चुनावों में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और नरेंद्र मोदी दोनों बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर चुने गए।

अब एनडीए तीसरी बार सरकार में आने के दावे कर रही है। एनडीए का नारा 'अबकी बार 400 पार' का है। ऐसे में अगर एनडीए की सरकार फिर से बनती है तो नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आज की तारीख यानी 26 मई वही तारीख है, जब नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। आज मोदी सरकार के 10 साल पूरे हो गए।

**मोदी के नाम पर 2014 में मिला प्रचंड बहुमत :**

लोकसभा चुनाव 2014 की बात करें तो नरेंद्र मोदी सबसे तेजी से उभरने वाले नेता बने और उस समय मोदी लहर काफी चर्चा में रही। यही वजह रही कि 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 282 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि एनडीए गठबंधन का कुल 336 सीटें मिलीं। इस तरह से एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। इस चुनाव के परिणाम 16 मई को घोषित किए गए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नरेंद्र मोदी ने 26 मई को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद से अब तक नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हुए हैं।

**2019 में पहले से भी बड़ी जीत :**

लोकसभा चुनाव 2019 में भी नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता कम नहीं हुई और इस बार भी एनडीए ने देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के 2014 के परिणामों से भी बड़ी जीत हासिल की। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि एनडीए गठबंधन को 353 सीटें मिलीं। सात चरणों के तहत संपन्न हुए लोकसभा चुनाव 2019 के परिणाम 23 मई को घोषित किए गए। चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद नरेंद्र मोदी ने 30 मई 2019 को दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

**मोदी सरकार ने देशहित में लिए अहम निर्णय :**

मोदी सरकार के 10 सालों की बात करें तो इन 10 सालों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जो देशहित में रहे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने से लेकर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जैसे तमाम ऐतिहासिक फैसले शामिल हैं। मोदी सरकार में न्याय व्यवस्था को सुधारने के क्रम में कई कानूनों को खत्म किया गया। इसके अलावा पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक हो या कोविड काल के दौरान अन्य देशों की सहायता से लेकर जी-20 के सफल क्रियान्वयन तक मोदी सरकार ने दुनिया को अपनी बेहतरीन रणनीति से अवगत कराया। इससे दुनिया भर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया।

**तीसरे बार आने का दावा :**

रूस-युक्रेन युद्ध के बीच भारतीय छात्रों को सुरक्षित वापस लाकर मोदी सरकार ने अपनी विदेश नीति को भी स्पष्ट कर दिया। इस दौरान नरेंद्र मोदी पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बनकर भी उभरे। वहीं तमाम वैश्विक दबावों के बीच भी नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपनी विदेश नीति को स्पष्ट रखा। इसके अलावा देश के आंतरिक मुद्दों पर भी मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही। मोदी सरकार अपने 10 सालों के कार्यकाल में भारत की इकॉनोमी को भी मजबूत करने के दावे कर रही है। इन महत्वपूर्ण निर्णयों और स्पष्ट नीतियों की वजह से ही भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने का दावा कर रही है।

## ममता सरकार संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर से नहीं

भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है।

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान और न्यायपालिका में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलमानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े इन मुद्दों पर भी केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफत की है। कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के हाइकमान ने भी कभी ऐसे आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर नहीं लगाए, जैसे कि ममता बनर्जी लगाती रही हैं। ममता ने भ्रष्टाचार, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, राजनीतिक आधार पर बंदरबाट जैसे मुद्दों पर अदालतों से जितनी फटकार खाई है, उतनी देश के किसी राजनीतिक दल की सरकार ने नहीं खाई। इतना सब कुछ होने के बावजूद ममता बनर्जी अपनी आदतों से बाज नहीं आई हैं। नया मामला पश्चिमी बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को अदालत द्वारा रद्द करने का है। इस आदेश को सदाशयता से मान कर अपील करने की दलील देने के बजाए मुख्यमंत्री ममता ने ही फैसला देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर भाजपा समर्थक होने का आरोप लगा दिया। ऐसा कर-के ममता ने बगैर किसी भय के सरेआम अदालत की अवमानना कर दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस आदेश को स्वीकार नहीं करेंगी, जो तपशिली समुदाय को दिए गए अधिकार छीन लेगा।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या उनके प्रमाण पत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। फिर राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं।

# भारतीय मुसलमानों के लिए अमेरिकी चिन्ता की खतरनाक वास्तविकता

**- मनोज ज्वाला**

खबर है कि रिलीजियस मजहबी स्वतंत्रता की स्वयंभूव ठेकेदार बनी अमेरिकी सरकार भारत में मुसलमानों की स्थिति पर बडी चिन्तित है। वह चिन्तित इसलिए नहीं है कि भारत में मुस्लिम आबादी सर्वाधिक ४३ प्रतिशत की दर से बढ चुकी है और भारतीय मुसलमानों की विभिन्न जिहादी गतिविधियों से यहां के अनेक राज्यों में बहुसंख्यक हिन्दू समाज त्राहि-त्राहि कर रहा है; अपितु वह न्यूयॉर्क टाइम्स नामक एक अमेरिकी अखबार की उस रिपोर्ट को ले कर चिन्तित है, जिसमें यह कहा गया है कि ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत में धर्मनिरपेक्ष ढांचा और मजबूत लोकतंत्र कमजोर हुआ है ह्व मालूम हो कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने ह्लअपने ही देश में अजनबीः मोदी के भारत में मुसलमान होनाह्व शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत में मुस्लिम समाज पीड़ा और अलगाव से जूझ रहा है। वे अपने बच्चों को ऐसे देश में पालने की कोशिश कर रहे हैं, जहां उनकी पहचान पर सवाल उठा रहा है। इस अखबारी समाचार बनाम दुष्प्रचार पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका ने कहा है कि वह इस मामले पर भारत सहित दुनिया भर के देशों के साथ बातचीत कर रहा है, क्योंकि वह धार्मिक स्वतंत्रता के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्ध है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि हम दुनिया भर में सभी के धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। मिलर ने आगे यह भी कहा है कि ह्लहमने भारत समेत कई देशों के साथ धार्मिक समुदायों के लिए समान रिलीजियस व्यवहार के महत्व पर चर्चा की है ह्व

यहां यह गौरतलब है कि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट और उस पर अमेरिकी सरकार की प्रतिक्रिया ऐसे समय पर आई है, जब भारतीय मुसलमानों की आबादी में सर्वाधि 43% की असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है और सारा मुस्लिम समाज एकजुट हो कर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध संसदीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए वोटिंग जिहाद का संगठित अभियान चला रहा है। इससे पहले यह मजहबी समाज देश के कई राज्यों में अपनी संगठित शक्ति के बुते शासन-प्रशासन पर काबिज हो कर वहां से धार्मिक समाज के लोगों (हिन्दुओं) को विस्थापित होने को बाध्य कर चुका है और फिलवक्त अनेक राज्यों की सियासत को अपने हिसाब से संचालित करने की हैसियत प्रदर्शित कर रहा है। इतना ही नहीं, वह भारतीय संविधान से इत्तर मुस्लिम पर्सनल लॉ के सहारे विशेषाधिकारों की मलाई चाभ रहा है और मुस्लिम वक्फ बोर्ड की लाठी से सरकारी-गैरसरकारी भू-खण्डों पर कब्जा करते हुए लाखों हेक्टेयर भूमि का स्वामित्व हासिल कर सेना व रेलवे के बाद सबसे बडा भू-स्वामी बना हुआ है। जगजाहिर है कि भारत में मुसलमानों की हालत व हैसियत जितनी अच्छी है, उतनी मुस्लिम देशों में भी नहीं है। जबकि पडोसी पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी 90% से भी ज्यादा घट गई है और वहां वे इस्लामिक स्टेट-संरक्षित उत्पीडन का इस कदर शिकार होते रहे हैं कि उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भारत सरकार को उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करने का कानून बनाना पडा है।

बावजूद इसके, अमेरिकी मीडिया इण्डस्ट्री और फॉरेन मिनिस्ट्री को भारत में ही मुसलमान आपदग्रस्त दीख रहे हैं, तो यह उनका दृष्टि-दोष नहीं है, अपितु एक सुनियोजित षड्यंत्रकारी प्रपंच है, जिसके सूत्र-



समीकरण उस अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) के हाथों में हैं, जिसने अभी हाल ही में अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी कर भारत को धार्मिक स्वतंत्रता का हननकर्ता बताते हुए विशेष चिन्ता वाले देशों की सूची में शामिल कर रखा है। यूएससीआईआरएफ के लगभग सभी सदस्य रिलीजियस विस्तारवादी चर्च मिशनरियों से सम्बद्ध है, जबकि इस आयोग का गठन ही अमेरिका ने वेटीकन-पोप के दबाव में इण्टरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम एक्ट नामक कानून बना कर उसी के तहत कायम किया हुआ है ।

देखने-सुनने में तो यह अधिनियम दुनिया के सभी राष्ट्रों के भीतर वहां के नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता, अर्थात किसी भी रिलीजन-मजहब अथवा धर्म को अपनाने-मानने की स्वतंत्रता को संरक्षित करने के बावत इसकी वकालत करता है; किन्तु वास्तविक व्यवहार में यह धर्म (सनातन) त्यागने व रिलीजन-मजहब अपनाने का मार्ग प्रशस्त करता है और इस हेतु चर्च-मिशनरी-संस्थाओं (एनजीओ) को सरंक्षित करता है। यही कारण है कि इस अमेरिकी अधिनियम के वैश्विक क्रियान्वयन की निगरानी करने वाला वह आयोग (यूएससीआईआरएफ) भारत में कायम धर्मान्तरण-रोधी कानूनों और विदेशी धन से संपोषित मिशनरी संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले भारतीय कानूनों पर आपत्ति जताते रहता है, जैसा कि उसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि- ह्लबीजेपी नेतृत्व वाली सरकार ने भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को मजबूत किया, घृणास्पद बयानबाजी को बढ़ावा दिया और सांप्रदायिक हिंसा को नियंत्रित करने में विफल रही, जिससे मुस्लिम, ईसाई, सिख, दलित, यहूदी और आदिवासी असमान रूप से प्रभावित हुए। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए), नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) एवं धर्मांतरण व गोहत्या विरोधी कानूनों के लगातार लागू होते रहने के कारण धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनकी ओर से वकालत करने वालों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया, निगरानी की गई और निशाना बनाया गया ह्व

मेरी एक पुस्तक- भारत के विरुद्ध पश्चिम के बौद्धिक षड्यंत्र में ह्लअंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, अर्थात बे-रोक-टोक धर्मोन्मूलन व ईसाईकरणह्व शीर्षक से एक अध्याय संकलित है, जिसमें अनेक प्रामाणिक तथ्यों से मैंने यह सिद्ध किया हुआ है कि यह अधिनियम वस्तुतः भारत राष्ट्र के विघटन व सनातन धर्म के उन्मूलन एवं हिन्दू-समाज के ईसाइकरण-इस्लामीकरण का मिशनरी हथकण्डा और लक्षित देशों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप का अमेरिकी फण्डा मात्र है। यह आयोग इस्लामी जेहाद का भी मौन समर्थन करता है, क्योंकि ईसाइयत और इस्लाम दोनों ही धर्म-विरोधी एवं पैगम्बरवादी होने के कारण परस्पर सहयोगी हैं और इन दोनों का विरोध केवल व केवल धर्म (सनातन) से, अर्थात धर्मधारी भारत राष्ट्र व हिन्दू समाज से है। इस अमेरिकी आयोग ने हिंदुओं के बलात यीसाइकरण व इस्लामीकरण पर कभी सवाल नहीं उठाया है; बल्कि धर्मोन्मूलन (धर्मान्तरण) विरोधी भारतीय कानूनों पर ही सदैव आपत्ति जताते रहा है, क्योंकि इन कानूनों से चर्च-मिशनरियों के विस्तारवादी अभियान में बाधायें उत्पन्न होती हैं।

मालूम हो कि अमेरिका ईसाइयों की सर्वोच्च नीति-नियामक सत्ता-वेटिकन सिटी से संचालित समस्त मिशनरी संस्थाओं का संरक्षक बना हुआ है और इन संस्थाओं के प्रतिनिधि अमेरिकी सरकार की वैदेशिक नीति विषयक मार्गदर्शक हुआ करते हैं। इसी दुरभिसंधि के तहत अमेरिका पूरी दुनिया भर में स्वतंत्रता-समानता-लोकतंत्र व मानवाधिकार की निगरानी-पहरेदारी करने वाला चौधरी बना हुआ है इस चौधराहट की आड में वेटिकन चर्च का एजेण्डा क्रियान्वित करते रहता है। टाईम और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे मीडिया संस्थान भी इस दुरभिसंधि के साझेदार हैं।

यही कारण है कि जिस प्रकार से यूएससीआईआरएफ को यह तथ्य व सत्य नहीं सूझता, उसी प्रकार से न्यूयॉर्क टाइम्स को भी यह नहीं दिखता कि भारत-विभाजन के वक्त पाकिस्तान में तकरीबन ढाई करोड हिन्दू रह गए थे और लगभग उतने ही मुसलमान भारत में रह गये थे, किन्तु आज पाकिस्तान में शासन-संरक्षित मुस्लिम आतंक से पीडित-प्रताडित-धर्मांतरित-विस्थापित होते रहने के कारण हिन्दूओं की आबादी घट कर बीस लाख (दस प्रतिशत) से भी कम हो गई है, जबकि भारत में शासन से तुष्टिकृत-उपकृत होते रहने के कारण मुसलमानों की आबादी बढ कर पैंतीस करोड से भी ज्यादा हो गई है। यूएससीआईआरएफ और न्यूयॉर्क टाइम्स के कारिन्दे कश्मीर केरल कर्नाटक व बंगाल में व्याप्त मुस्लिम जिहादी आंतकी अभियान के प्रति आंखें बन्दे किये हुए रहते हैं, किन्तु असम व उतरप्रदेश जैसे राज्यों में उसका प्रतिकार होने पर भ्रामक रिपोर्ट जारी करने और अनर्गल दुष्प्रचार करने में जुट जाते हैं। फिर तो इन्हीं भ्रामक रिपोर्टों को आधार बना कर अमेरिकी सरकार भारत-विषयक अपनी वैदेशिक नीतियां तय करता है और भारत में जिहाद बरपा रहे मजहबी संगठनों के प्रति सहानुभूतिजनक चिन्ता जताते हुए उनके समर्थन-संरक्षण में परोक्ष रुप से खडा हो जाता है।

अमेरिकी सरकार की ऐसी चिन्ता से खतरनाक हालातों का निर्माण होता है, क्योंकि उसके प्रभाव से मजहबी जिहादी संगठनों के विरुद्ध व्यापक जनमत निर्मित नहीं हो पाता है और कार्रवाई की धार भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में भारत सरकार को चाहिए कि वह दुष्प्रचार करने वाले अमेरिकी आयोगों और मीडिया-संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आईना दिखाने का काम तो करे ही।

## आग में खाक होती जिंदगी-

**अरविंद जयतिलक**

गुजरात राज्य के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी आग में तकरीबन ढ़ाई दर्जन लोगों की जलकर मौत दिल को दहला देने वाली मर्मांतक घटना है। बताया जा रहा है कि टीआरपी गेम जोन नाम की इस जगह पर जनरेटर चलाने के लिए हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल रखा हुआ था और फाइबर डोम से निकली लपटों ने कईयों की जिंदगी लील ली। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गेम जोन का पूरा ढांचा ही जल कर खाक हो गया। राजकोट के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिश्नर की मानें तो टीआरपी गेम जोन ने ह्यफायर नो ऑब्जेशन सर्टिफिकेटह्ण के लिए अप्लाई नहीं किया था। न ही उसने नगर निगम से किसी अन्य तरह की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। सवाल लाजिमी है कि फिर टीआरपी गेम जोन का संचालन किसकी अनुमति से हो रहा था? क्या स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत थी? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। यह पर्याप्त नहीं कि सरकार एक्शन में है और जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दी है। यह भी पर्याप्त नहीं कि सरकार की तरफ से मृतकों के लिए मुआवजे का एलान कर अपने कर्तव्यों का इतिश्री समझ ली गई। सच तो यह है कि अगर समय रहते बिना ह्यफायर नो ऑब्जेशन सर्टिफिकेटह्ण के चल रहे टीआरपी गेम जोन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई होती तो लोगों की जिंदगी खाक नहीं होती। सवाल लाजिमी है कि क्या इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलााफ सख्त कार्रवाई होगी? इस बात की क्या गारंटी है कि अब इस तरह की हृदयविदारक घटनाएं नहीं होगी? अकसर देखा जाता है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं राज्य प्रशासन हरकत में आ जाता है। लेकिन कुछ दिनों बाद ही इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने लगती है। इसका सीधा तात्पर्य यह हुआ कि गैर-कानूनी ढंग से काम करने वाले लोगों के मन में कानून और सजा का भय नहीं हैं। गौर करें तो इस समय देश के कई हिस्सों में आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में एक बात समान रुप से देखने को मिल रही है कि कहीं भी आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। याद होगा गत वर्ष पहले गुजरात राज्य के सूरत की तक्षशिला कॉम्पलेक्स में भीषण आग लगी थी जिसमें 23 लोगों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का समुचित इंतजाम नहीं था। राजकोट के टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में कई बच्चों की जान गई है। गर्मी की छुट्टी के कारण बच्चे वहां खेलने गए थे। लेकिन उनकी जिंदगी आग की लपटों की भेंट चढ़ गई। याद होगा दिसंबर 1995 में हरियाणा के मंडी डबवाली में स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान पंडाल में आग लगने से तकरीबन 442 बच्चों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का पुख्ता इंतजाम नहीं था। इसी तरह 6 जुलाई, 2004 को तमिलनाडु के कुंभकोणम जिले में लगी आग से 91 स्कूली बच्चों ने दम तोड़ा। सच तो यह है कि आग की लपटों से अब कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है चाहे वह इमारत, अस्पताल, स्कूल, सिनेमाहाल हो अथवा सार्वजनिक स्थान ही क्यों न हो। कहीं भी आग से निपटने के समुचित बंदोबस्त नहीं है। अभी गत वर्ष ही देश की राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में निर्मित तीन मंजिला व्यवसायिक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हुई। 2019 में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में लगी भीषण आग में 43 लोगों की जान गई। बाहरी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर पांच में एक इमारत में अवैध रुप से चल रही पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में तकरीबन 17 लोगों की जान गई। याद होगा दिल्ली में ही किन्नरों के महासम्मेलन के दौरान पंडाल में लगी आग से 16 किन्नरों की जान जा चुकी है। 31 मई 1999 को दिल्ली के ही लालकुंआ स्थित हमदर्द दवाखाना में केमिकल से लगी आग में 16 लोगों को जान गई। याद होगा 13 जून 1997 को दिल्ली के उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई। मध्य मुंबई के लोअर परेल इलाके में निर्मित दो रेस्टोरेंट कम पब में अचानक भड़की आग में 14 लोगों की जान गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग में छः मरीजों की दर्दनाक मौत हुई। यूपी के कानपुर में लिकेज सिलेंडर से आग लगने से पांच लोगों की जान गई।

गत वर्ष पहले केरल के कोल्लम में पुत्तिंगल देवी मंदिर में आतिशबाजी से लगी आग में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई। गत वर्ष पहले उज्जैन जिले के बड़नगर में पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई। आंध्रप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड यानी गेल की गैस पाइपलाइन में लगी आग से हुए विस्फोट में तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की जान गई। यही नहीं एशिया के सबसे बड़े आयुध भंडारों में शुमार महाराष्ट्र के पुलगांव स्थित आयुध भंडार में भी आग लगी थी जिसमें दो सैन्य अधिकारियों समेत 18 लोगों की दर्दनाक मौत हुई। गौर करें तो सन 2000 से 2018 के बीच आधा दर्जन से अधिक आयुध भंडार आग की लपटों की भेंट चढ़ चुके हैं। इसमें हजारों करोड़ रुपए की सैन्य संपत्ति नष्ट हुई है।

# चुनाव के अंतिम चरण में मुजरा करती राजनीति

**@ राकेश अचल**

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का अंतिम चरण १ जून को समाप्त होगा,इससे पहले राजनीति में मुजरा बाकी रह गया था ,लेकिन पाटिलीपुत्र में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी वो भी करा ही दिया। मोदी जी के ' मुजरा ' उल्लेख के बाद समूचा विपक्ष ' मुजरा ' करता नजर आ रहा है। मुझे लगता है की मोदी जी ने जिस तरिके से मुजरा शब्द का इस्तेमाल किया है उसे लेकर बिदकने की जरूरत नहीं है ,क्योनी मोदी जी खुद मुजरा का वास्तविक अर्थ शायद नहीं जानते । उन्होंने मुजरा का इस्तेमाल तंज के रूप में किया है।

प्रधानमंत्री ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में एक रैली में कहा कि- ह्यह्यबिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है. मैं इसकी धरती पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की ह्यइंडिया' गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा. वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं."जाहिर है की मोदी जी को मुजरा करना या तो आता नहीं है या फिर वे इसे रोज करते हैं लेकिन जानते नहीं हैं।

मेरी दृष्टि में मुजरा कोई असंसदीय शब्द नहीं है ,लेकिन इसमें सामानवाद की बू जरूर आती ह। चूंकि मुजरा प्रथा मुगलकालीन है और बाद में सभी जातियों कि सामंतों ने इसे इस्तेमाल किया इसलिए इसे आप सामंती तो कह सकते हैं किन्तु असंसदीय नहीं। दरअसल मुजरा संस्कृति हुजूर से निकल क्र जब कोठों में प्रतिष्ठित हो गयी तो लोग इससे बचने लगे। मै चूंइक आजादी कि पहले की एक बड़ी रियासत रहे ग्वालियर में रहता हूँ इसलिए मुजरे कि बारे में बाखूबी जानता हो। हमारे यहां सिंधिया कि महल में आज भी मुजरा किया जाता है। छोटे बड़ों को मुजरा करते ही है। मैंने इसी महल में स्वर्गीय अर्जुन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तक को मुजरा करते देखा है।

कहते हैं की जब आप किसी कि हुजुर [दरबार या अदालत ] में जायेंगे तो आपको झुककर नमस्कार तो करना ही होता है। यही मुजरा है। मुजरा आदर प्रकट करने का तरीका भर है कोटों पार तवायफों द्वारा किया जाने वाला मुजरा भी करीबन-करीबन इसी सभ्यता का सांस्कृतिक स्वरूप ह। वैश्याएं बैठकर मुजरा करतीं हैं ,बाद में इसमें हिन्दुस्तानी नृत्यशैली कि अनेक अंग शामिल कर लिए गए। मुरा सलीका है और इसे सीखने कि लिए पुराने जमाने में वैश्याएं बाकायदा एक ट्यूटर की भूमिका में होतीं थी । सामंतों कि बच्चों को मुजरा करने का अंदाज इन्हीं वैश्यों से सीखना पड़ता थी । मुजरा ईश्वर कि साथ ही आपके मौजूदा मालिक [स्वामी] को भी प्रसन्न करने की एक विधा है ।

मोदी जी को आपत्ति मुजरा करने पर नहीं है। उनकी आपत्ति इस पर है की ये मुजरा अव्वल कांग्रेस क्यों करती है और मुसलमानों कि लिए क्यों करती है ? मुजरा



विनम्रता की निशानी है। खुश करने का तौर-तरीका है। मोदी जी बहुसंख्यकों कि सामने मुजरा करते हैं ,लेकिन उन्हें पता नहीं होता की वे जो कर रहे हैं वो मुजरा है। आरक्षण कि मुद्दे पर मोदी जी बहके हुए हैं और इसीलिए बार-बार कहते हैं की वे मर जायेंगे लेकिन पिछड़ों कि आरक्षण पर किसी को डाका नहीं डालने देंगे। मोदी जी हर चीज पर अपना एकाधिकार चाहते है। मुजरे पर भी उन्हें एकाधिकार चाहिए। मोदी जी बीते एक दशक से बहुसंख्यक हिन्दुओं कि सामने मुजरा कर रहे हैं लेकिन किसी ने कभी उज्र नहीं किया। कांग्रेस ने तो बिलकुल नहीं।

एक हकीकत ये भी है की राजनीति कि अलावा किसी और धंधे में मुजरा करने की न तो जरूरत पड़ती है और न मुजरे की कोई परम्परा है। चाय बेचने में तो कोई किसी का मुजरा नहीं करता। पैसा फैंको और चाय पियो '। सियासत में तो बिना मुजरा करे न आपको संगठन में कोई पद मिलेगा और न टिकिट। जीत गए तो मंत्रिपद पाने कि लिए मुजरा करना पडेगा ही।

मुझे याद है कि एक जमाने में जब रानी महल में राजमाता संप्रभु थीं और जनसंघ का जमाना था तब जनसंघ कि तमाम नेता महल में राजमाता विजयराजे सिंधिया के सामने पूरी श्रद्धा से मुजरा करते थे। भाजपा कि तमाम छोटे-बड़े नेताओं ने भी मुजरा करते देखे जा सकते हैं।

मुझे नहीं पता की मोदी जी ने अपने मुसलमान विरोधी रवैये की वजह से अपनी युवावस्था में 'मुगलेआजम ' फिल्म देखी या नहीं देखी। यदि देखी होती तो वे मुजरे को अपने व्यंग्य के लिए इस्तेमाल नहीं करते। मोदी जी की टिप्पणी से आहत विपक्ष ने तो अपने गुस्से का मुजाहिरा कर दिया लेकिन मुजरा करने वाली वेश्याएं खामोश हैं। वैश्याएं मतदान करने जाती हैं या नहीं मुझे नहीं पता। लेकिन यदि जातीं होंगी तो वे चुनाव के बाद इसका संज्ञान अवश्य लेंगीं। मुजरा साष्टांग दंडवत से ज्यादा अच्छा तरीका है। दंडवत प्रणाम करने के लिए लकुटी की भांति भूमि पर लेटकर अपने छहों अंगों को जमीन से मिलता पड़ता है। मोदी जी को मुजरा करना नहीं आता लेकिन दंडवत प्रणाम करना आता है । वे मुजरा करते नहीं बल्कि कराते है। वे चाहते हैं कि कांग्रेस और समूचा विपक्ष अल्पसंख्यकों का मुजरा करना छोड़ उनके सामने मुजरा करे।

वर्ष 2024 के आम चुनाव में सियासत ने सब कुछ तो करवा डाला ? पहले एक के बाद एक नया हौवा खड़ा किया गया और जब इन हौवों से भी मतदाता का मिजाज नहीं बदला तो वे मुजरे पर आ गए। 4 जून की तारीख वो तारीख है जो बताएगी की मुजरा कौन कर रहा है और कौन देख रहा है ? मुजरे में नृत्य,संगीत ,अंग संचालन का बड़ा महत्व है। मुजरा वैश्याएं करें या नेता करें । कोई फर्क नहीं पड़ता ,लेकिन फर्क तो तब पड़ता है जब मुजरा करने के बाद कोई खुश होता है या नहीं। जिन लोगों ने मोदी जी के हुजूर में मुजरा नहीं किया उन्हें चुनाव से पहले ही ब्लैकलिस्ट कर दिया गया और जिन्होंने किया उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।मोदी जी के इजलास में मुजरा करने से बचने की कोशिश करने वालों को क्या-क्या नहीं भुगतना पड़ा।

मुजरा करने की आगे भी ये रिवायत आगे भी जारी रहने वाली है। वोट के लिए साष्टांग दंडवत प्रणाम करने से अच्छा तो मुजरा है। झुको लेकिन आधे झुको। पूरा झुकना तो गुलामी का प्रतीक है।पिछले दो महीने से बड़े से बड़े तुर्रम खान जनता के इजलास में मुजरा ही तो कर रहे थे। अभी एक जून तक ये परम्परा जारी रहेगा । मुजरा करने पर न तो किसी को तड़ीपार जाना पड़ता है और न ही संसद से बाहर किया जा सकता। मुजरा करने वाले का कभी कोई नुक्सान नहीं होता । बेहतर है कि देश कि नेताओं में ' मुजरत्व' बचा रहे। ताली बजाने या थाली बजाने से बेहतर है की आप मुजरा करें। मै मुजरा शब्द कि इस्तेमाल कि लिए माननीय प्रधानमंत्री की निंदा नहीं करता। लेकिन उनकी सराहना भी नहीं करना चाहता,क्योंकि वे इस हबड का इस्तेमाल किये बिना भी अपनीबात कह सकते थे। मोदी जी ने ' मुजरा ' शब्द का इस्तेमाल गुस्से में किया है ,जो उचित नहीं है।

# उप्र सरकार लिखी बुलेरो सवारों ने की गुण्डई, जबरियां पकडकर ट्रक क्लीनर को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** उप्र सरकार लिखी बुलेरो सवार लोगों ने सामने ट्रक आने पर चालक की जमकर पिटाई की। चालक ने थाना पहुंचकर जान बचाई। थाने में तहरीर दी।

ये घटना रविवार को पहाड़ी थाने से सौ मीटर दूर हुई। बताया गया कि पहाड़ी कस्बे के बिसंडा रोड़ में साइड से निकालने को लेकर बुलेरो उप्र सरकार लिखी सवार युवकों ने ट्रक को रोक कर ट्रक क्लीनर को बुलेरो में जबरियां बैठाकर



घटना को अंजाम देने वाली बुलेरो।

कस्बे से दूर ले जाकर जमकर पिटाई की। ट्रक चालक ने भागकर थाने में सूचना दी। ट्रक चालक अब्दुल रसीद पुत्र अब्दुल मजीद ने ट्रक क्लीनर मो शोएब पुत्र सलीम निवासी प्रतापगढ़ के साथ ट्रक लेकर गिट्टी लेने भरतकूप जा रहे थे। कस्बा पहाड़ी के बिसंडा रोड स्थित डा पांडेय के सामने पहले से खड़ी उप्र सरकार लिखी बुलेरो को क्रास कर जैसे ही आगे बढ़ाया। बुलेरो सवार लोगों ने अचानक ट्रक क्लीनर को पकड़ कर बुलेरो में बैठाकर ओबरी गांव की ओर ले जाकर मारपीट की। चालक ने भाग कर थाने में सूचना दी। मारपीट की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक बुलेरो सवार भाग गये थे। प्रत्यक्षदशियों ने बताया कि बुलेरो जल निगम में लगी है। नम्ब यूपी96/टी- 4209 शराब के नशे में थे। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि ट्रक चालक की सूचना पर बुलेरो सवार लोगों को मय बुलेरो के पकड़ा गया। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। इससे कानूनी कार्यवाही नहीं की गई। थाने से दो सौ मीटर दूर घटित घटना से लोग भयभीत हैं।

## ई-रिक्शा चालक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नगर पंचायत मऊ के शिवपुर चैराहे पर शनिवार की रात साढ़े आठ बजे प्रयागराज को ओर से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने ई-रिक्शा में ठोकर मारकर भाग गया। ई-रिक्शा चालक गोलू निषाद (27) पुत्र नारायण निषाद बम्बुरी रोड मऊ को गंभीर चोटें आईं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया।

# पुलिस ने खोया मोबाइल स्वामी को सौंपा

## पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने खोये मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया। मोबाइल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल देने का ये कार्य पुलिस ने रविवार को किया। बताया गया कि श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव पत्नी अजय कुमार


मोबाइल देती पुलिस।

श्रीवास्तव पटेल तिराहा का मोबाइल 15 मई को खो गया था। पोर्टल पर शिकायत की थी। कोतवाली पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन लेकर दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने बरामद कर मोबाइल स्वामी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव को कोतवाली में सौंपा। मोबाइल पाकर अर्चना श्रीवास्तव का चेहरा खिल उठा। उन्होंने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय, दरोगा यूटी नीरज कुमार, महिला दरोगा यूटी सुश्री आकांक्षा व कम्प्यूटर ऑपरेटर नरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# पुलिस-आबकारी टीम ने छापेमारी कर शराब समेत दो को किया गिरफ्तार, दो कुंतल लहन किया नष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थाना मऊ व आबकारी टीम ने संयुक्त रुप से बराछी गांव में छापेमारी कर दुज्जी पत्नी दुबासे व सुनीता पत्नी अहिवरन के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण तथा दो कुंतल लहन समेत गिरफ्तार किया।रविवार को मऊ


बरामद लहन नष्ट करती पुलिस।

थाना पुलिस व आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर दो महिलाओं को शराब समेत गिरफ्तार किया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया। उनके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक केके मिश्रा, दरोगा विनय विक्रम सिंह, दरोगा रामकृत यादव, सिपाही प्रवीण पाण्डेय व आबकारी महिला सिपाही सुमित्रा देवी शामिल रही।

# नालियों की सफाई न होने से घरों में घुस रहा गंदा पानी

## ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत का बनाया मन

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के कस्बा पहाड़ी गांव में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। बिसंडा रोड के ग्रामीणों ने कहा कि नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी घरों में घुस रहा है। ये पानी सड़क में भी बह रहा है।

रविवार को बिसंडा रोड पहाडी के ग्रामीणों ने बताया कि सडक में


बिसंडा रोड की चोक नालियां।

बह रहे गन्दे पानी से सड़क ध्वस्त हो रही है। सड़क पर गंदा पानी एकत्र होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बिसंडा रोड में चैराहे से माता प्रसाद पाण्डेय के घर तक नाली निर्माण बहुत पहले हुआ था। सफाई कर्मियों की उदासीनता से नालियों की समय पर सफाई नहीं की गई। नालियों में भरा गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। नालियों की सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे संक्रामक रोग फैलने के आसार बढ गये हैं। ग्रामीण पवन पाठक, अजय द्विवेदी, सुरेश भारद्वाज, मातादीन साहू, डा पांडेय, श्रवण गुप्ता, छेदू ने बताया कि वे कई बार खंड विकास अधिकारी पहाड़ी व ग्राम पंचायत अधिकारी से शिकायत कर चुके हैं। समय-समय पर नालियों की सफाई कराने की मांग की है, ताकि नालियों का पानी घरों में न घुसे व सड़क पर न बहे। आने-जाने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर न गुजरना पड़े। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। कहने को तो पहाड़ी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की लंबी फौज तैनात है। धरातल पर देखा जाये तो कस्बे में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहद खराब है। नालियों की सफाई न होने से घरों में पानी घुसने पर ग्रामीण टुल्लू चला कर पानी को बाहर निकाल रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग किया कि बिसंडा रोड स्थित नालियों की समय पर सफाई कराई जाये। अन्यथा चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद ग्रामीण एकत्रित होकर जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे।

# कामतानाथ पर्वत को करें कचरा मुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 116वां स्वच्छता अभियान सुरा गौ से बिरजा कुंड तक चलाया।

रविवार को स्वच्छता अभियान में नगर पालिका ईओ लालजी यादव ने कहा कि गांधी का सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें। उस पर अमल कर पर्यावरण को साफ रखने में मदद करें। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता को ध्यान में रखकर गांधी ने देशवासियों को जागरूक किया था। स्वच्छ भारत अभियान आम जनता के सहयोग से सफल हो सकती है। स्वच्छ भारत


सफाई करते समिति के लोग।

मिशन जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वच्छता ही सेवा है, सब मिलकर कामतानाथ पर्वत को कचरा मुक्त बनाने में सहयोग करें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि गांधी के सपने को सभी भारतवासी साकार करें। अभियान में जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, वन विभाग से रसूल बख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद सिंह व नगर पालिका टीम ने सहयोग किया।

# दो चोरों के कब्जे से चोरी की चार भैंस बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में पुलिस ने भैस चोरी का खुलासा कर दो लोगों को चोरी की चार भैंस समेत गिरफ्तार किया है।

रविवार को चोरी का खुलासा सरधुवा पुलिस ने किया। बताया कि 21 मई को लवकुश यादव पुत्र रामऔतार यादव भदेहदू ने थाना सरधुवा में तहरीर दी कि अज्ञात लोग चार भैंस चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा शिवमणि मिश्रा को भैंस बरामदगी व आरोपियों की गिरफ्तारी की


पुलिस गिरफ्त में भैंस चोर।

जिम्मेदारी सौंपी।

दरोगा शिवमणि मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये राकेश सिंह पुत्र स्व चन्द्रभूषण सिंह व रामराज निषाद पुत्र रामआसरे निषाद भदेहदू को चोरी की चार भैंस समेत गिरफ्तार किया। आरोपियों पर भैंस बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही राहुल पुरी शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म वांछित।

## पुलिस ने दुष्कर्म वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा की टीम ने अपहरण-दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के वांछित सुनील उर्फ सुशील पुत्र देशराज वर्मा कोलगदहिया को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा व दरोगा यूटी नीरज कुमार शामिल रहे।

# सीडीओ ने अनुदान से मिली दाल मिल का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर व उप कृषि निदेशक राजकुमार की अध्यक्षता में कृषि विभाग से किसान शिव प्रसाद को लाटरी से अनुदान में मिली मिनी दाल मिल का शुभारम्भ किया।

रविवार को दाल मिल का शुभारम्भ कर अधिकारियों ने कहा कि किसान हित में प्रोत्साहन को अनुदान में दाल मिल दी गई है। किसानों से कहा कि जिले में एकजुट होकर नये राह की ओर चलना शुरू करें। ऑर्गेनिक फॉर्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सत्येन्द्र कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे। भारत सरकार से चलाई योजना दस हजार किसान उत्पादक संगठन के तहत कर्वी


शुभारम्भ पर मौजूद अधिकारी।

ऑर्गेनिक फार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में जुड़े किसान शिव प्रसाद संग्रामपुर को कृषि विभाग ने सेम योजना से मिनी दाल मिल की बुकिंग की थी। टोकन मिलने पर ई-लॉटरी से पचास फीसदी अनुदान पर मिनी दाल मिल स्थापित की गई। जिसका शुभारम्भ सीडीओ व उप कृषि निदेशक ने कर किसानों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर तमाम किसान मौजूद रहे।

# दृष्टि में पांच जोडों की विवाह की बात हुई तय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सामाजिक संस्था दृष्टि में दृष्टिबाधित दिव्यांगों के विवाह के एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का शुभारम्भ भारतीय मूल के अमेरिकी गुलाबचन्द्र गुप्ता व अध्यक्षता सहकारी समिति अध्यक्ष योगेश जैन ने किया। बांदा-चित्रकूट डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि बतौर आशीर्वाद दिया। स्वागतीय उद्बोधन में संस्था महासचिव शंकरलाल गुप्ता ने कहा कि दृष्टिबाधित दिव्यांगों के सामाजिक पुनर्वास को 17 साल से लगातार प्रयास हो रहे हैं।

रविवार को उन्होंने कहा कि समाज में दृष्टिबाधितों की उपेक्षा से सौ से अधिक विवाह योग्य युवा दिल्ली, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ, मप्र व उप्र के विभिन्न जिलों से विवाह को आये है। इनमें बहुत लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं। अच्छा खासा वेतन पा रहे हैं। 50 से 60 लडकियां भी दूर-दूर से अभिभावकों के साथ आयी हैं। परिचय सम्मेलन में खुले मंच से परिचय दिया। वरीयता बताई। कन्या पक्ष से लडकियों व अभिभावकों ने ध्यान से सुना। बीच में कई लोगो ने क्रास प्रश्नों से जिज्ञासायें शान्त की। दोपहर तक परिचय देने-लेने का सिलसिला चला। जिन लोगों के रूझान बने, संस्था की मध्यस्थता से बातचीत हुई। शाम तक पांच जोडों, गाजीपुर जिले से गुलाबी देवी का मउनाथ भंजन के गोबर्धन भारती, गाजीपुर के ही रमेश सिंह यादव का धार मप्र की पिंकी मण्डलोई, हमीरपुर की गोमती का पाली राजस्थान के कल्याण सिंह, गया बिहार की पूनम कुमारी का लोहदा चित्रकूट के सन्तोष यादव व जालौन जिले की शशी व राजेश शादी को रजामंद हुए। उन्होंने विवाह की घोषणा करवाई। 20 जोडों ने घर जाकर मंत्रणा कर फैसला लेने की बात कही। सम्मेलन में संस्था कोषाध्यक्ष पीडी गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, जयश्री जोग, वर्षा गुप्ता, अनीता सिंह, पंकज दुबे, बसंत लाल, रघुनाथ प्रसाद, अरूण कुमार, ऑल इण्डिया कन्फेडेरेशन ऑफ द ब्लाइंड दिल्ली से प्रोजेक्ट मैनेजर सुधांशु शुक्ला व प्रोजेक्ट ऑफीसर अजय मिश्रा ने मध्यस्थ के रूप में जोडों को सहयोग दिया। सम्मेलन संचालन सचिव बलबीर सिंह ने किया।

## मोटरबाइक से चुरा ले गये बकरी

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के कहेटामाफी गांव के तमजीत पुत्र करामत अली ने थाने में दी तहरीर में कहा कि वह सिद्धगोपाल पुरवा में रहता है। दो अज्ञात लोग पल्सर मोटरबाइक से घर के सामने बंधी बकरियों में से एक बकरी को लेकर अपरान्ह डेढ बजे भाग निकले। ग्रामीणों ने पीछा किया तो उन्होंने असलहे दिखाये। रविवार को थाने में दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा कि अज्ञात लोग मोटरबाइक से बकरी लेकर भाग गये। पहाडी में रोकने का प्रयास किया। वह भागने में सफल रहे। थाने के सामने सोनी की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो वे अपरान्ह पौने दो बजे मोटरबाइक से बकरी लिये कर्वी की ओर भागते दिखाई दिये। पीडित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बकरी चोरी की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## रुपये छीनने का पीडित ने लगाया आरोप

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के रैपुरा कस्बे के ओमप्रकाश सोनी पुत्र माताबदल सोनी ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 24 मई को सवेरे सात बजे वह नदी नहाने गया था। आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उसके कपडे फाडकर ब्रेसलेट व 15 हजार रुपये छीन ले गये। पीडित झपटा तो 38 सौ रुपये बच गये। पीडित ने 24 मई को थाने में दी तहरीर में कहा कि नदी नहाने दौरान वह चबूतरे में बैठा था। उसके साथ राजेन्द्र पटेल व बानी तथा गपोलदास भी बैठे थे। इसी बीच राजकरन कहार पुत्र स्व शानू वहां गाडी से आया और राजेन्द्र पटेल को गाली देने लगा। राजेन्द्र पटेल वहां से चला गया। तब राजकरन ने उससे गाली-गलौज कर मारपीट की। उसके कपडे फाडकर ब्रेसलेट व 15 हजार रुपये छीन लिया। खींचातानी में 38 सौ रुपये वह बचा ले गया। वह जान बचाकर घर आया और पीछा करने पर राजकरन को दौडाया। राजकरन जान से मारने को धमकी देते हुए भाग गया। पीडित ने मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# आरपीएफ ने दो शातिर चोरों को दबोच बरामद किये मोबाइल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** थाना जीआरपी मानिकपुर टीम ने ट्रेनों में लूट व चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को दबोचकर कब्जे से तीन मोबाइल फोन 40 हजार रुपये कीमत के बरामद किये हैं। रविवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल श्रीवास्तव के घटनाओं पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी नईम खान


पुलिस गिरफ्त में चोर।

मंसूरी की देखरेख व प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा की अगुवाई में पुलिस टीम ने रविवार को रेलवे स्टेशन मानिकपुर प्लेटफार्म नम्बर चार पर सतना की ओर से दो शातिर मोबाइल चोर करन अहिरवार पुत्र स्वामीदीन पंचम नगर थाना लवकुश नगर जिला छतरपुर मप्र व प्रीतम कोल पुत्र स्व सुमितलाल मोहन्ना थाना नागौद जिला मैहर के कब्जे से कुल तीन फोन बरामद किये। इनका आपराधिक इतिहास भी है। ये ट्रेनो व स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों से लूट व चोरी करते थे। टीम में प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा, दीवान इमरान खान, दीवान बाबूलाल, एएसआई विमलेश कुमार, दीवान सीआईबी जोगेन्दर पाल सिंह शामिल रहे।

# सीओ सिटी ने स्ट्रांग रूम की जांचकर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीओ सिटी राजकमल ने लोकसभा चुनाव की विधान सभा चित्रकूट व विधान सभा मऊ/मानिकपुर के स्ट्रॉग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। रविवार को सीओ सिटी राजकमल ने स्ट्रांग रूम में लोकसभा चुनाव की रखे ईवीएम स्थल का निरीक्षण किया। ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों की जांच की। कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये। निर्देश दिये कि किसी भी व्यक्ति/वाहन को अन्दर प्रवेश न करने दिया जाये। ड्यूटी दौरान सावधानी से जांच करें।


स्ट्रांग रूम की जांच करते सीओ सिटी।

इस मौके पर चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## दोहा से डबलिन जा रही कतर एयरवेज की फ्लाइट टबुर्लेंस में फंसी, 12 यात्री घायल

**डबलिनः** दोहा से डबलिन जा रहे कतर एयरवेज के एक विमान में टबुर्लेंस के कारण 12 लोग घायल हो गए. जिसमें चालक दल के छह सदस्य शामिल हैं. इस घटना से कुछ दिन पहले लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में टबुर्लेंस की वजह से एक यात्री की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए थे. डबलिन एयरपोर्ट ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब कतर एयरवेज का विमान के तुर्की के ऊपर से गुजर रहा था. इस दौरान वह टबुर्लेंस में फंस गया, जिससे छह यात्री और चालक दल के छह सदस्य घायल हो गए. बयान में कहा गया कि कतर एयरवेज की फ्लाइट दफ017 रविवार दोपहर 1 बजे से कुछ समय पहले डबलिन एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की.




विमान की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट पुलिस के साथ अग्निशमन और आपात सेवा के कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल यात्रियों और क्रू को सहायता प्रदान की.

**सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में टबुर्लेंस से एक व्यक्ति की हुई थी मौत**

इससे पहले, 24 मई को सिंगापुर एयरलाइंस की एक फ्लाइट टबुर्लेंस में फंस गई थी. जिसके कारण विमान की बैंकॉक में आपात लैंडिंग करानी पड़ी थी. विमान में 211 यात्री सवार थे. एयर टबुर्लेंस के कारण 73 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक की मौत हो गई थी और 20 अन्य यात्री घायल हुए थे. विमान में सवार यात्रियों और चालक दल को सिर और रीढ़ की हड्डी में चोटें आई थीं.

**टबुर्लेंस क्या होता है**

अव्यवस्थित तरीके से हवा चलने के कारण विमान में टबुर्लेंस होता है और विमान तेजी से हिलने लगता है. साथ ही अपने तय रास्ते से हट जाता है. टबुर्लेंस में फंसने से विमान की ऊंचाई में अचानक परिवर्तन होता है और तेजी से नीचे आने लगता है. इससे विमान में बहुत तेज हलचल होती है, जिससे वस्तुएं बिखर सकती हैं. यात्रियों को ऐसा अहसास होता है कि विमान गिरने जा रहा है. टबुर्लेंस हल्के और गंभीर दोनों प्रकृति के हो सकते हैं. खराब मौसम या अन्य वजहों से हवा के बहाव में अचनाक परिवर्तन हो जाता है. इस कारण एयर पॉकेट्स बनने से टबुर्लेंस होता है.

## पाक में आतंकवादियों ने बस जलाई, यात्रियों को किया प्रताड़ित किया



**पेशावर :** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (TTP) के आतंकवादियों ने एक बस को जला दिया और बस यात्रियों को प्रताड़ित किया. यह जानकारी रविवार को पुलिस ने दी.

बताया जाता है कि यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब द्राजिंदा से डेरा इस्माइल खान जा रही बस को दराबान तहसील में टीटीपी आतंकवादियों ने रोक लिया. इसके बाद यात्रियों को बस से जबरन उतार दिया गया.

इस बारे में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के दौरान टीटीपी आतंकवादियों ने यात्रियों को उतारने के बाद बस को आग लगा दी. उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने सबसे पहले यात्रियों को प्रताड़ित किया और बाद में सरकार का समर्थन करने की वजह से उन्हें धमकी भी दी. बाद में भागने से पहले आतंकियों ने बस को आग के हवाले कर दिया। हालात पर नियंत्रण करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया. बता दें कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिणी जिलों में कानून-व्यवस्था की हालत काफी खराब हो गई है. आतंकवादियों ने बाद में शाम के समय कानून को न केवल हाथ में ले लिया बल्कि उन्हें अशांत कबीलाई जिलों दक्षिणी और उत्तरी वजीरीस्तान के बॉर्डर से सटी मुख्य सड़कों पर गश्त करते भी देखा गया।


## नेपाल की संसद में गतिरोध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री प्रचंड ने देउवा से घर जाकर की मुलाकात

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने संसद के बजट सत्र में जारी गतिरोध को समाप्त कर सदन की कार्यवाही सुचारू करने के लिए रविवार सुबह मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउवा से उनके निवास पर मुलाकात की। देउवा संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में नेता प्रतिपक्ष की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। छह मई से शुरू हुए नेपाली संसद के बजट सत्र में गतिरोध के कारण एक भी दिन सदन की कार्रवाही नहीं चल सकी है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अब तक धन्यवाद ज्ञापन भी नहीं हो पाया है। बजट पेश करने की संवैधानिक सीमा अब बस दो दिन शेष है लेकिन अब तक विपक्षी दलों के साथ सरकार की कोई सहमति नहीं बन पाई है। प्रधानमंत्री प्रचंड और नेता प्रतिपक्ष देउवा के बीच हुई मुलाकात में संसद को सुचारू करने को लेकर बीतचीत हुई। गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ संसदीय जांच समिति का गठन नहीं होने के कारण विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहे हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड के प्रेस सलाहकार गोविंद आचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि बजट पास कराने के लिए प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष से आग्रह किया है। प्रचंड ने देउवा से कहा कि बजट पास कराने और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कराने में मदद करें तो संसदीय समिति गठन करने की दिशा में सरकार सकारात्मक रुख अख्तियार करेगी। हालांकि दोनों नेताओं के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी है। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के सह महामंत्री जीवन परियार ने मीडियाकर्मियों से कहा कि संसदीय समिति के गठन को लेकर पार्टी अपने रुख से अब भी पीछे नहीं हटी है। उन्होंने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सरकार की है।

## गाजा युद्धः हमास ने इजराइल पर की रॉकेट की बौछार, तेल अवीव में बजने लगे सायरन

**यरुशलमः** फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा में महीनों से हमास और इजराइल के बीच संघर्ष जारी है. फिलिस्तीनी समूह हमास ने रविवार को एक बार फिर इजराइल पर कई रॉकेट दागे. रॉकटे हमले के बाद इजराइली शहर तेल अवीव में सायरन बजने की आवाज सुनाई दी. जनवरी के बाद से गाजा से पहली बार लंबी दूरी के रॉकेट हमले किए गए. फिलहाल हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

हमास की मिलिट्री विंग ने गाजा से रॉकेट हमले का दावा किया है. वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि गाजा के दक्षिणी शहर राफा से रॉकेट लॉन्च किए गए और आठ रॉकेट इजराइली सीमा में घुसे और कई रॉकेट को हवा में ही रोक दिया गया। पिछले साल



अक्टूबर में, दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के बाद से इजराइली सेना आईडीएफ गाजा में लगातार हमले कर रही है. आईडीएफ की भीषण बमबारी और जमीनी सैन्य अभियान में गाजा का अधिकांश हिस्सा तबाह हो गया है. इस संघर्ष में हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं. हालांकि, तब से हमास भी गाजा की सीमा से लगते इजराइली क्षेत्रों में छिटपुट हमले जारी रखा है। बता दें, अंतरराष्ट्रीय दबाव और अमेरिका की चेतावनी को दरकिनार कर इजराइली सेना ने हाल के दिनों में मिस्त्र की सीमा से सटे गाजा के राफा शहर में सैन्य अभियान का विस्तार किया है. जहां 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी नागरिक शरण लिए हुए हैं. आईडीएफ ने मिस्त्र की सीमा पर राफा क्रॉसिंग पर भी कब्जा कर लिया है, जिससे गाजा में एकमात्र रास्ते से आने वाली सहायता भी रुक गई है. जिससे गाजा में मानवीय संकट गहरा गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले आठ महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में 36,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. युद्ध के कारण गाजा की 23 लाख आबादी में से लगभग 80 प्रतिशत लोग बेघर हो गए. संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है.


## नेपाल के सहकारी घोटाला कांड में फंसे गृहमंत्री के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

**काठमांडू।** सहकारी घोटाला में फंसे गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ रविवार को काठमांडू सहित देश के कई प्रमुख शहरों में विरोध-प्रदर्शन हुआ है। लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। राजधानी के रत्नपार्क से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन माईतीघर मण्डला में जाकर सभा में बदल गया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण पूरे काठमांडू की सड़कों पर ट्रैफिक जाम लगा रहा। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार से संसदीय समिति गठन की भी मांग की। काठमांडू के अलावा पोखरा, धरान, भैरहवा, लुम्बिनी, चितवन, नवलपरासी से भी गृहमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की खबरें हैं। इन सभी जगह पर सहकारी बैंकों के पीड़ितों ने प्रदर्शन किया, जिसमें विपक्षी दलों का भी समर्थन था। सहकारी पीड़ित लोगों ने अपने बचत के पैसे वापस देने और सहकारी के पैसे का दुरुपयोग कर गैर कानूनी ढंग से अपने मीडिया में निवेश करने वाले रवि लामिछाने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सहकारी पीड़ितों ने गृहमंत्री के इस्तीफे और जांच समिति बनाने की भी मांग की है।

## नेपाल में विपक्षी दलों के विरोध और नारेबाजी के बीच सरकार का 'आर्थिक सर्वेक्षण' बिना चर्चा के पारित

**काठमांडू।** प्रतिनिधि सभा में विपक्षी दलों के हंगामे के बीच रविवार को सरकार ने ह्यआर्थिक सर्वेक्षणह्न पारित करवा लिया है। प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू होते ही विपक्षी दल के सांसद वेल के आगे खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। गृहमंत्री रवि लामिछाने की इस्तीफे की मांग करते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद नारेबाजी कर रहे थे। विपक्षी दलों की नारेबाजी और विरोध के बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया, जिसे ध्वनि मत से बहुमत से पारित होने की घोषणा की। विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद वित्त मंत्री ने बजट पूर्व पेश होने वाले सरकार का आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश कर दिया। वित्त मंत्री वर्षमान पुन को सदन तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। विपक्षी सांसदों के साथ धक्का-मुक्की करने के बाद पहुंचे वित्त मंत्री ने सरकार का आगामी आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया, जिसे बिना चर्चा के ही पारित कर दिया गया।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तूफान, बारिश का कहर, आकाशीय बिजली गिरने से छह की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों में तूफान और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।पंजाब आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार रात सियालकोट और रावलपिंडी जिलों में कई जगह आकाशीय बिजली गिरी है।घायलों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराई गई है। मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। पंजाब आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के महानिदेशक इरफान अली काठिया ने मानव जीवन की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

## शी चिनफिंग ने यूएई में चीनी शिक्षण पर '100 स्कूल प्रोजेक्ट' के छात्र प्रतिनिधियों को जवाबी पत्र भेजा

**बीजिंग।** हाल ही में, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने संयुक्त अरब अमीरात में चीनी शिक्षण के लिए "100 स्कूल प्रोजेक्ट" के छात्र प्रतिनिधियों को एक पत्र का जवाब दिया, जिसमें उन्हें अच्छी तरह से चीनी भाषा सीखने, चीन को समझने और चीन-यूएई दोस्ती को बढ़ावा देने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

शी चिनफिंग ने कहा कि मैंने आपका प्रत्येक पत्र पढ़ा और चीनी संस्कृति के प्रति आप लोगों के प्रेम और दोनों देशों के बीच मित्रता की आपकी अपेक्षा को महसूस किया। पांच साल पहले, राष्ट्रपति मोहम्मदबिन जायद अल-नाहयान और मैंने संयुक्त रूप से संयुक्त अरब अमीरात में



चीनी शिक्षण के लिए "100 स्कूल प्रोजेक्ट" शुरू किया था। अब मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि "चीनी सीखना" संयुक्त अरब अमीरात में एक नया चलन बन गया है और इसने आप जैसे चीन-यूएई आदान-प्रदान के लिए युवा राजदूतों के एक समूह को तैयार किया है।

शी चिनफिंग के अनुसार आप लोगों ने अपने पत्र में कहा कि चीन और यूएई 40 वर्षों से "हाथ में हाथ डाले हुए" हैं, और आप लोग आशा करते हैं कि चीन और यूएई हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। चीनी लोग भी यही इच्छा रखते हैं। युवा लोग चीन-यूएई मैत्रीपूर्ण संबंधों के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। पांडा को देखने, लंबी दीवार पर चढ़ने और बड़े होने पर विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए चीन आने के लिए आप लोगों का स्वागत है। हम चीनी सीखने और चीन को समझने के लिए अधिक से अधिक अमीराती किशोरों का भी स्वागत करते हैं।

## हमास के साथ बंधक समझौते पर फिर से बातचीत के लिए तैयार इजरायल



**यरूशलम।** मिस्त्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता में बंधक समझौते पर हमास के साथ बातचीत फिर से शुरू करने पर इजरायल सहमत हो गया है। ये बातचीत अगले हफ्ते हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को पेरिस में एक बैठक में इजरायली मोसाद खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड बार्निया ने अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक विलियम बर्न्स और कतरी प्राइम मिनिस्टर शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी के सामने इजरायली वॉर कैबिनेट का एक नया प्रस्ताव पेश किया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सरकार के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि पेरिस में विलियम बर्न्स और शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी के साथ मुलाकात के बाद बार्निया शनिवार सुबह इजरायल लौट आए।

अधिकारी ने सिन्हुआ को बताया कि तीनों अधिकारियों ने मिस्त्र और कतर द्वारा रखे गए नए प्रस्ताव के तहत अगले सप्ताह बातचीत जारी रखने पर चर्चा की।

कान टीवी ने बताया कि बर्न्स ने उन सभी विवादास्पद मुद्दों पर बातचीत की पेशकश की जिसने पिछली वार्ता में गतिरोध पैदा कर दिया था, और कहा कि वार्ता का नेतृत्व मिस्त्र और कतर करेंगे, जिसमें अमेरिका की सक्रिय भागीदारी होगी।

गाजा पट्टी में संघर्ष विराम वार्ता का पिछला दौर इसी महीने मिस्त्र में हुआ था जो विफल हो गया था।

## केंद्र ने दूरसंचार कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स रोकने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने फर्जी कॉल्स को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। केंद्र ने भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। दूरसंचार विभाग (डॉट) ने बताया कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं। जालसाल इसके जरिए साइबर अप राध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। डॉट ने दूरसंचार ऑपरेटरों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार विभाग के निदेशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली अंतरराष्ट्रीय जाली कॉलों को टीएसपी द्वारा पहले से ही ब्लॉक किया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## मस्क ने अमेरिका के चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैरिफ लगाने का विरोध किया

**बीजिंग।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में अमेरिका के चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैरिफ लगाने का विरोध किया। मस्क ने पेरिस में फ्रांसीसी "वीवा टेक्नोलॉजी" नवाचार प्रदर्शनी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से भाग लिया, जहां उन्होंने प्रौद्योगिकी निवेशकों के साथ चर्चा की। जब एक अमेरिकी उपभोक्ता समाचार और बिजनेस चैनल के रिपोर्टर ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य उत्पादों पर टैरिफ के बारे में पूछा, तो मस्क ने जवाब दिया, "न तो टेस्ला और न ही मैंने इन टैरिफ को लगाने का अनुरोध किया। जब उपायों की घोषणा की गई तो मैं भी आश्चर्यचकित था।"

उन्होंने कहा, "व्यापार की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करना या बाजार को विकृत करना अनुचित है।"

बता दें कि साल 2016 में स्थापित फ्रांसीसी




"वीवा टेक्नोलॉजी" नवाचार प्रदर्शनी, वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति और स्टार्टअप को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गई है। इस वर्ष 22 से 25 मई तक पेरिस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 2,800 प्रदर्शकों ने भाग लिया।